हरिभूमि
संस्करधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 23 अगस्त 2025
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा |

शुक्रवार को नहीं हुआ कामकाज, 2 दिन फिर अवकाश

11 सूत्रीय मांग लेकर हड़ताल पर कर्मचारी, दफ्तरों में पसरा सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने सैकड़ों कर्मचारियों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आंदोलन किया। वहीं चुनावी घोषणा पत्र मोदी की गारंटी में किए गए वादे को पूरा करने प्रदेश सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के शासकीय कर्मचारियों ने एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर काम बंद-कलम बंद हड़ताल किया। फ्लाईओवर के नीचे धरना प्रदर्शन स्थल पर समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने अपनी आवाज बुलंद करते प्रदेश सरकार के खिलाफ हल्ला बोला और अपनी मांगे पूरी करने जमकर नारेबाजी की।

इधर शासकीय कर्मचारी के हड़ताल पर चले जाने से स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और शासकीय दफ्तरों में कामकाज ठप हो गया। शासकीय दफ्तर में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। शुक्रवार को सामूहिक अवकाश लेकर अधिकारी-कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से कार्य प्रभावित हुआ। वहीं शनिवार और रविवार को भी अवकाश होने के चलते तीन दिनों तक शासकीय कामकाज ठप हो गया है।

एनएचएम कर्मचारियों ने मांगे पूरी करने प्रदेश सरकार को अपने खून से लिखा पत्र

राजनांदगांव। अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे एनएचएम कर्मचारियों ने आज शहर के कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने धरना स्थल पर अपने खून से प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर मांगे पूरी करने की गुहार लगाई है। वहीं एनएचएम की महिला कर्मचारियों ने तीज से पहले हाथों में मेहंदी लगाकर सरकार से मांगे पूरी करने कहा है।

अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे एनएचएम कर्मचारी अपनी मांगों के प्रति सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए लगातार अलग-अलग तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हड़ताल के दूसरे दिन जहां हवन यज्ञ किया गया। वहीं तीसरे दिन बाइक रैली निकाली गई। चौथे दिन तिरंगा यात्रा निकाला गया। वहीं शुक्रवार को हड़ताल के पांचवें दिन एनएचएम कर्मचारियों ने अपने खून से नियमितीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर सरकार को पत्र लिखा है। एनएचएम कर्मचारियों ने कहा कि सरकार का ध्यान अपनी मांगों को लेकर आकृष्ट करने के लिए इस तरह का प्रदर्शन करना पड़ रहा है।

विभिन मांगे पूरी करने प्रदर्शन

नियमितीकरण, ग्रेड-पे, संविलियन, मेडिकल अवकाश, अनुकंपा नियुक्ति, स्थानांतरण नीति निर्धारण सहित अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे एनएचएम कर्मचारियों ने आज प्रदर्शन करते मांगी पूरी करने नारेबाजी की। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन स्थल पर ही अपना रक्त निकाला और प्रदेश के मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री सहित अन्य नेताओं के नाम अपनी प्रमुख मांगों का पत्र लिखकर मांगे पूरी करने कहा।

नहीं मान रही सरकार

अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर राजनांदगांव जिले के 39 और प्रदेश के 120 संगठनों ने एक साथ हड़ताल किया है। कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक सतीश ब्यौहारे ने कहा कि 16 जुलाई को भी अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिए थे। सरकार हमें देय तिथि से डीए नहीं दे रही है।

11 सूत्रीय मांगे पूरी करने प्रदर्शन

कर्मचारियों एवं पेंशनरों के लिए केन्द्र के समान 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता, महंगाई भत्ते की लंबित एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में करने, वेतन विसंगति एवं अन्य मुद्दों के लिए गठित पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने, प्रदेश में चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान लागू करने, अन्य भाजपा शासित राज्यों की भांति कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने, अनुकंपा नियुक्ति, मध्यप्रदेश की भांति छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय सेवकों को 300 दिवस अर्जित अवकाश नगदीकरण देने, पुरानी पेंशन के लाभ हेतु एनपीएस खाते में कटौती तिथि से सेवा गणना के साथ पूर्ण पेंशन की पात्रता नीति निर्धारित करने, दैनिक वेतन कर्मचारियों का नियमितीकरण सहित अन्य मांगे रखी है।

- राजनांदगांव के लोकप्रिय जन नेता -
महापौर नगर पालिक निगम, राजनांदगांव
मान. मधुसूदन यादव जी
23th AUGUST
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाए...
राजेन्द्र गोलछा
महामंत्री, भाजपा
रविन्द्र वैष्णव
महामंत्री, भाजपा
सौरभ कोठारी
महामंत्री, भाजपा
विनीत - जिला भारतीय जनता पार्टी, राजनांदगांव (छ.ग.)

हम सब के प्रिय जननायक, महापौर
मान. मधुसूदन यादव जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई...
23 AUGUST
शुभेच्छु : समस्त भाजपा पार्षदगण, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव (छ.ग.)

- राजनांदगांव के लोकप्रिय जन नेता -
महापौर नगर पालिक निगम, राजनांदगांव
मान. मधुसूदन यादव जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाए...
23th AUGUST
संजय सिन्हा
अध्यक्ष, जनपद पंचायत
प्रशांत ठाकुर
उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत
लक्ष्मी मंडावी
विनीत - जनपद पंचायत, छुरिया, राजनांदगांव

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 23 अगस्त 2025

राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया| डोंगरगढ़| खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा| कोलेगांव

सूरत साड़ी मेला
तीजा सहित अन्य पर्व के लिए सूरत की साड़ियों का विशाल संग्रह उपलब्ध
खरीदें सूरत के दाम पर
अब एक छत के नीचे पूरे परिवार के लिए खरीदें कपड़े
जिले का सबसे बड़ा शोरुम डोंगरगांव में
फैमिली शॉप
थोक भाव में रिटेल कपड़ा दुकान
प्रशांत होलसेल बाजार
पुराना स्टेट बैंक, फव्वारा चौक के समीप, डोंगरगांव
संपर्क सूत्र : सौरभ - 9981640064, प्रशांत - 8962960000
सभी कपड़े मार्केट रेट से
20% से 30%
तक कम दाम में
शेरवानी, सूट, प्लेजर, साड़ियां, रेडीमेड, लायवा, होजयारी, हैंडलूम, सूटिंग, फर्निशिंग, शर्टिंग, किड्स वियर

निगम ने सरकारी विभागों सहित आम लोगों को जारी की नोटिस

554 बकायेदारों को लोक अदालत में पेश होने की नोटिस, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

3.28 करोड़ रुपए की वसूली शेष, कई सालों से नहीं किया था भुगतान

पिछले कई सालों से नगर निगम में टैक्स की अदायगी नहीं करने वाले बड़े बकायदारों के खिलाफ अब निगम ने एक्शन लेना शुरू कर दिया है। रूटीन नोटिस जारी करने के साथ ही अब लोक अदालत में मामले दे दिए गए हैं। शहर के करीबन साढ़े पांच सौ ऐसे प्रकरण जिसमें पिछले एक दशक से टैक्स जमा नहीं किया गया है, इनमें 3.28 करोड़ रुपए का बकाया टैक्स वसूला जाना है। ऐसे ही बड़े बकायदारों को लोक अदालत में पेश होने की नोटिस पहुंची है। हालांकि इस नोटिस के बाद हड़बड़ाए लोग अपना टैक्स जमा करने निगम भी पहुंच रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम हर वित्तीय वर्ष में करीबन 25 करोड़ रुपए की टैक्स वसूली का टारगेट तय करता है। हालांकि इसमें हर साल 70 से 75 फीसदी ही वसूली होती है। ऐसे में हर साल बकाया राशि की संख्या बढ़ रही है। यही कारण है कि अब निगम ने पिछले कई सालों से टैक्स नहीं जमा करने वाले लोगों की सूची लोक अदालत को सौंप दी है। इससे पहले भी कई दफा नगर निगम बड़े बकायदारों के नाम सार्वजनिक करने की कार्रवाई करती रही है। बताया गया कि लोक अदालत की तारीख से पहले टैक्स जमा करने वालों को राहत दी जाएगी।

टैक्स जमा करने पहले दिन ही पहुंचे डेढ़ दर्जन

निगम सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लोक अदालत में पेश होने वाली नोटिस जारी करने के बाद पहले ही दिन निगम में बड़ी संख्या में बकायेदार पहुंच रहे हैं। पहले दिन करीबन 32 लोग नगर निगम में अपना बकाया टैक्स पता करने पहुंचे। जबकि 19 लोगों ने तत्काल 6.77 लाख रुपए की राशि जमा भी कर दी। निगम अफसरों को भरोसा है कि आने वाले दिनों में अधिकांश लोग अपना बकाया टैक्स जमा कर देंगे।

554 को जारी हुई नोटिस, 13 सितंबर तक का समय

पिछले करीब 10 से 12 साल से निगम को टैक्स नहीं देने वाले 554 लोगों को लोक अदालत में पेश होने की नोटिस जारी की गई है। इन लोगों से कुल 3.28 करोड़ रुपए की बताया टैक्स राशि वसूली जानी है। इनमें आम लोगों के अलावा कई सरकारी विभागों के नाम होने की भी जानकारी सामने आ रही है। बताया गया कि पीडब्ल्यूडी, सेतु निगम, स्टेडियम समिति जैसे नाम इनमें शामिल है। इन सभी को आगामी 13 सितंबर को आयोजित लोक अदालत में पेश होने कहा गया है।

खेत में काम कर रहे किसान को 12 फीट के अजगर ने जकड़ा, अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्रामीणों ने छुड़वाकर वन विभाग को सौंपा

जिले के पेंडरवानी गांव में विशालकाय अजगर सांप देखने को मिला है। गुरुवार की दोपहर अजगर पेंडरवानी के एक खेत से गुजर रहा था। इस दौरान ही उसने एक किसान को अपने कब्जे में ले लिया था। पैर से लेकर सिर तक जकड़ने के दौरान जब किसान ने जोर-जोर से बचाव के लिए आवाज लगाई, तब बगल खेत में काम कर रहे किसानों ने आनन-फानन में उसे अजगर के शिकंजे से बचाया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार करीबन आधे घंटे की मशक्कत बाद अजगर को अपने कब्जे में करने के बाद वन विभाग की टीम को इसकी सूचना दी गई। वन विभाग की टीम ने अजगर को सुरक्षित एक जंगल में छोड़ दिया है।

लालबाग थाना के तुमड़ीबोड़ चौकी अंतर्गत आने वाले ग्राम पेंडरवानी के ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार किसान माखनलाल साहू अपने खेत में ही कार्य कर रहा था। दोपहर करीबन डेढ़ बजे के दौरान काम करते हुए उसे पैर में कुछ हलचल महसूस हुई। उसने देखा तो अजगर उसके पैर को जकड़ रहा था। इससे पहले वह अपने आपको छुड़वा पाता, अजगर ने उसे नीचे गिराकर लपेटना शुरू कर दिया था। हालांकि इस दौरान किसान ने अपने बचाव के लिए जोर से आवाज लगाना शुरू कर दिया था, जिसे सुनकर पास के खेत में काम कर रहे एक किसान मदद के लिए आया। उसने अन्य लोगों को भी बुलाया और फिर सभी ने मिलकर किसी तरह किसान माखन साहू को अजगर की चपेट से छुड़वाया।

सदमे में बेहोश हुआ किसान

प्रत्यक्षदर्शी ने बताया अजगर के जकड़े जाने से किसान माखनलाल साहू सदमे में चला गया था, जब किसानों ने उसे छुड़वाया, उस दौरान भी वह बेहोश हो गया था। किसान को एम्बुलेंस की मदद से पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। हालांकि किसान की स्थिति सामान्य बताई गई। किसी तरह की गंभीर चोंट भी नहीं आई है।

रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

ग्रामीणों ने अजगर की सूचना वन विभाग की टीम को दी थी। ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए अजगर को वन विभाग ने रेस्क्यू कर अपने पास रखा था, जिसे अगले दिन शुक्रवार को जिले के ही एक जंगल में छोड़ दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि पहली बार क्षेत्र में इतना बड़ा सांप देखने को मिला है। उसकी तस्वीर एवं वीडियो भी सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहे हैं।

सार समाचार

भेंट में दिया किताब

डोंगरगांव। महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी डा वीरेंद्र कुमार साहू ने अपने द्वारा रचित कविता संग्रह और वह चला गया पुस्तक जिला साहू संघ राजनांदगांव के उपाध्यक्ष महेश्वर साहू को भेंट में दिया। श्री साहू ने इस काव्य रचना के लिए उन्हे बधाई दी।

मंत्री से मिले सरपंच साहू

पटेवा। ग्राम पंचायत सलोनी के सरपंच सौरभ साहू ने नवनियुक्त केबिनेट

मंत्री गुरु खुशवंत साहेब से निवास स्थान में मुलाकात कर बधाई दी। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष डा रमन सिंह से मुलाकात कर ग्राम पंचायत सलोनी एवं आश्रित ग्राम केकराजबोड़ के विकास के लिए मांग पत्र सौंपा।

दीपक ज्योति नाच पार्टी का गठन

पटेवा। ग्राम खजरी पटेवा में शिवशक्ति दीपक ज्योति नाच पार्टी का गठन किया गया है। कार्यकारिणी में मैनेजर सुखीराम साहू, संचालक ढालसिग गंगबेर, डांसर रमेश वर्मा, प्रहलाद यादव, हास्य कलाकार कृष देव कौशिक, टीकेश्वर वर्मा, तबला वादक लक्ष्मण, बेंजो वादक बिसनाथ, शहनाई वादक कामता यादव, ढोलक टेसुराव, पेड वादक मयंक साहू है।

ग्राम बगदई में पौधरोपण

डोंगरगांव। ग्राम पंचायत बगदई के आंगनबाड़ी केंद्र और प्राथमिक शाला

में गत दिनों पौधरोपण किया। इस अवसर पर सरपंच कुलदीप सिंह, उपसरपंच टीकम निषाद, लाला पटेल, पुनित निषाद, जगत साहू, फूलदास साहू, राजकुमार पटेल, गोलू , लक्ष्मीनारायण सेन, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका उपस्थित थे । इस दौरान भाजपा नेता दिनेश गांधी ने बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मनाया।

न्योता भोज एवं शिक्षण सामग्री का वितरण

मुढ़ीपार। प्राथमिक शाला सनडोंगरी में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत न्योता भोज का आयोजन प्रतिमाह समुदाय, जनप्रतिनिधि

एवं कर्मचारियों के सहयोग से किया जा रहा है। इस कड़ी में गत दिनों प्रधानपाठक लादूराम साहू ने अपने जन्मदिन के अवसर पर प्राथमिक शाला, बालवाड़ी एवं आंगनबाड़ी के बच्चों को हलवा- पुड़ी प्रदान किया। उन्होंने शैक्षिक सामग्री का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर युगलकिशोर साहू, कमला यादव, रविता कंवर, निर्मला यादव आदि उपस्थित थे।

स्वयंसेवकों का परिचायत्मक कार्यक्रम

एलबी नगर। स्थानीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर के निर्देशानुसार रासेयो प्रभारी अरुण कुमार साहू के नेतृत्व में

स्वयं सेवको का परिचयात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद की पूजा के साथ हुआ। वरिष्ठ स्वयं सेवको द्वारा कनिष्ठों का तिलक लगाकर स्वागत किया। दलनायक रितेश कुमार, डेकेशवर, लता यादव, तिलक कुमार, हिरेंद्र कुमार, पुनीता सलामे, खेमलता महिलांगे, हेमप्रकाश साहू को कार्यक्रम अधिकारी श्री साहू, प्रो बीआर चंद्रवंशी एवं सोनल नागवंशी ने बैच लगाया। स्वयं सेवक हमीर एवं चुरामन साहू ने अपने अनुभव बताया। सोनल नागवंशी ने स्वयं सेवको को समाज के साथ मिलकर निस्वार्थ होकर सेवा करने प्रेरित किया। प्रो चंद्रवंशी ने कहा रासेयो जिम्मेदार नागरिक बनाने में मदद करता है। कार्यक्रम अधिकारी श्री साहू ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलकर शिक्षा के साथ समाजसेवा और व्यक्तित्व विकास करना है।

महासंघ ने ड्राइवरों को किया जागरूक

कलकसा। अछोली- खैरागढ़ सड़क पर ड्राइवर जागरूकता अभियान चलाकर समझाइए दी गई। वाहन चालकों को नशा मुक्त होकर ड्राइविंग

करने, ट्रैफिक नियमों का पालन करने, आईडी साथ रखने, वर्दी पहनने, रात में डीपर का प्रयोग करने, भीड़ भाड़ वाली जगह में धीरे वाहन चलाने, गति सीमा, सिग्नल का पालन करने, रॉग साइड से ओवरटेक नहीं करने, नींद में ड्राइविंग नहीं करने, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड को तुरंत साइड देने के बारे में बताया गया। संस्था के जिला अध्यक्ष हेमनाथ देवांगन ने बताया कि बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते और ड्राइवरों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए छत्तीसगढ़ ड्राइवर महा संगठन द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जाता है। छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ ने स्टेरिंग छोड़ो आंदोलन 25 अक्टूबर से 5 नवंबर तक की जानकारी दी। आंदोलन के माध्यम से पूर्ण शराबबंदी, ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड का गठन, .ड्राइवर आयोग का गठन, मृत्यु होने पर परिवार को 20 लाख मुआवजा, ड्राइवर के विकलांग होने पर परिवार को 10 लाख का मुआवजा, एक सितंबर को ड्राइवर दिवस घोषित करने, ड्राइवरों के बच्चों को निजी स्कूल 10 फीसदी आरक्षण, हेल्थ कार्ड, ड्राइवर को 55 वर्ष बाद पेंशन देने की मांग उठाया जाएगा।

आज मनाया जाएगा पोला

सड़क अतरिया। क्षेत्र में कल शनिवार को पोला पर्व उल्लास से मनाया जाएगा। गांवों में इस त्यौहार की तैयारी पहले से शुरू हो गई। पर्व में बैलों की पूजा अर्चना होगा तथा उसे व्यंजन खिलाया जाएगा। पर्व को लेकर बाजार में मिट्टी एवं लकड़ी से बने रंग बिरंगे नादिया बैल सजे रहे। पर्व को लेकर शुक्रवार को बाजार, दुकानों में रौनक रही।

प्रभारी ने वन टू वन चर्चा कर जाना राय, पेनल जाएगा दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष बनने सात ने किया दावा, नहीं बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष चुनने आयोजित बैठक में किसी एक के नाम पर सहमति नहीं बन सकी। दावेदारों की सूची दिल्ली भेजा जाएगा, जहां अध्यक्ष के नाम पर मुहर लगेगी।

सतनाम भवन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चुनने बैठक प्रभारी जितेंद्र मुदलियार की मौजूदगी में आयोजित की गई। बैठक में पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने कार्यकर्ताओं को संगठित रह कर कार्य करने का सलाह दी। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने संगठन को मजबूत करने के लिए ब्लॉक अध्यक्ष का चुनाव सर्व सम्मति से करने कहा। जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने चुनाव प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए अध्यक्ष के लिए इच्छुक दावेदारों से प्रस्ताव रखने कहा।

कार्यकर्ता रहे मौजूद

बैठक में थानेश्वर पाटिला, पंकज बांधव, हंसा सिन्हा, फूलमती वर्मा, पीयूष दुबे, चंद्रेश वर्मा, सतीश नादम, टीकम यादव, पार्वती साहू, अनिल वर्मा, शेखर वर्मा, नवनीतसिंह चंदेल, प्रहलाद यादव सहित लगभग 200 कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सात ने जताया इच्छा

जानकारी के अनुसार ब्लाक अध्यक्ष बनने के लिए कलकसा के राममूरत वर्मा, मुरमुंदा की कल्पना साहू, मैंसातरा के गीतालाल वर्मा, खपरीकला के राकेश साहू, परसबोड़ के ललित चाँदतारे, टुरीपार के दिनेश पुरानिक, कांकेतरा के गंभीर साहू ने दावेदारी की। चुनाव प्रभारी श्री मुदलियार ने सातों दावेदारों को एकजुट होकर एक नाम तय करने का मौका दिया, किंतु सामंजस्य नहीं हो बन पाया और सभी डटे रहे। श्री मुदलियार ने केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष एवं जनपद सदस्यों से वन टु वन चर्चा कर उनकी राय जानने का प्रयास किया। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि सातों दावेदारों के नाम चुनाव प्राधिकरण दिल्ली भेजा जाएगा। चुनाव प्राधिकरण ही ब्लॉक अध्यक्ष का नाम तय करेगा।

निरीक्षण करने खेतों में पहुंची कलेक्टर तुलिका

मोहला। कलेक्टर तुलिका प्रजापति डिजिटल क्रॉप सर्वे का निरीक्षण करने गत दिनों रानाटोला एवं घावड़ेटोला पहुंची।

कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने खेतों पहुंच कर सर्वेयर द्वारा किए जा रहे डिजिटल क्रॉप सर्वे और एप में ऑनलाइन अपडेट की जानकारी ली। उन्होंने सर्वेयर्स से कहा कि त्रुटिरहित तरीके से सर्वे का पूरा कार्य करें।

उल्लेखनीय है कि डिजिटल क्रॉप सर्वे फिल्ड स्तर पर सर्वेयर के माध्यम से किया जा रहा है। जिसमें सर्वेयर को स्वयं खेत में जाकर वहां की स्थिति और फसल का विवरण एग्रीटेक एप में दर्ज करना है। फोटो भी अपलोड करना है जिसका सत्यापन बाद में पटवारी एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया जाएगा, इससे फसल का वास्तविक मूल्यांकन किया जा सकेगा और जमीन की जो परिसम्मति है उनके संबंध में सही जानकारी प्राप्त होगी।

किसानों को कई लाभ

डिजिटल क्रॉप सर्वे से किसानों को कई लाभ प्राप्त होंगे। फसल बीमा योजना एवं क्षति आकलन पारदर्शी और वैज्ञानिक तरीके से किया जा सकेगा। पात्र किसानों को कृषि योजनाओं का लाभ शीघ्रता से मिलेगा। इस सर्वे से फसल उत्पादन का अत्याधुनिक डेटा तैयार होगा, जिससे आगामी धान खरीदी व्यवस्था एवं कृषि नीति और अधिक प्रभावी बनाई जा सकेगी।

ससुराली शहर पहुंचे मंत्री यादव का किया स्वागत

गंडई-पंडरिया। छत्तीसगढ़ सरकार के नव नियुक्त वाणिज्य एवं कर मंत्री गजेंद्र यादव का आज गंडई में प्रथम आगमन हुआ। यहां पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

दुर्ग के विधायक श्री यादव को साय सरकार में ग्रामोद्योग, शिक्षा और विधि विधायी जैसे महत्वपूर्ण विभागों का प्रभार सौंपा गया है। लगभग 12 बजे मंत्री श्री यादव का काफिला तिरंगा चौक पहुंचा, जहां फूल-मालाओं और आतिशबाजी के साथ उनका अभिनंदन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए मिठाइयां बांटकर खुशी मनाया। मंत्री यादव के लिए एक भावनात्मक क्षण था, क्योंकि गंडई पंडरिया के वार्ड 3 में उनका ससुराल भी है।

स्वागत में उमड़े कार्यकर्ता

स्वागत के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, सांसद प्रतिनिधि राकेश ताम्रकार, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, मंडल अध्यक्ष राकेश

ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष राजेश मेहता, पूर्व नगर अध्यक्ष टेकन देवांगन, रवि भावनानी, टुम्मन साहू, पूर्व मंडी अध्यक्ष जीवन दास रात्रे और समिति अध्यक्ष सुखदेव पटेल, अमित शर्मा, रजेलाल पटेल, दादू नागदौने, मंगलचंद जैन, राकेश टंडन, लेखराम साहू, दिनेश भट्ट, भीखू हिरवानी, जितेंद्र पटेल, हेमंत वर्मा, अशोक देवांगन, संजय राजपूत, लीलाराम साहू, योगेंद्र कौशिक, भानुप्रताप साहू, कृष्णा मानिकपुरी, कौशलेंद्र यादव, रामू मरकाम, नीरज शर्मा, हेमसिंग यादव, छन्नू कश्यप, दीलीप बघेल, झल्लू बघेल, सुखचंद टोंडरे, संजय यादव, हमेश यादव आदि मौजूद थे।

फतेह मैदान बदहाली पर मिशन संडे का फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर का गौरव और खिलाड़ियों की खेल तपस्या का केंद्र एकमात्र राजा फतेह सिंह खेल मैदान आज बदहाली और अव्यवस्था का शिकार होकर उनकी उम्मीदों को तोड़ रहा है। इकलौते खेल मैदान की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि यह खेल का केंद्र कम और अव्यवस्था का अड्डा ज्यादा बन गया है।

मैदान में कीचड़, गड्ढे, टूटी शराब की बोतलों के टुकड़े, शौचालय और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव खिलाड़ियों की मजबूरी बन गया है। खासकर महिला खिलाड़ियों के लिए कपड़े बदलने की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे उन्हें शर्मिंदगी और असुविधा झेलनी पड़ रही है। न बालकनी में टीनशेड है न ही छांव की सुविधा। बरसात और धूप में मैदान पीड़ा बनकर खड़ा रहता है। शाम ढलते ही मैदान शराबियों का अड्डा बन जाता है और सुबह खिलाड़ी जब खेल के लिए कदम रखते हैं तो टूटे कांच के टुकड़े उनके पैरों को लहूलुहान कर देते हैं। मैदान की बदहाल व्यवस्था को लेकर टीम सदस्यों ने प्रतीकात्मक विरोध स्वरूप बेशरम का पौधा लगाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खाद की भारी किल्लत है, वरना यहां धान की खेती करते। इस दौरान टीम के रविन्द्र सिंह गहरवार, पूरन सारथी, भरत चंद्राकर, महेश यादव, सूर्यकांत यादव, हरिदर्शन ढीमर, यादव सारथी, यतेंद्रजीत सिंह, राजा सोलंकी, शेखर दास वैष्णव, रामगोपाल वर्मा, नरेश सिन्हा, विनोद सिन्हा, सूरज देवांगन, भूपेंद्र वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

हिम्मत मत तोड़े जिम्मेदार

मिशन संडे टीम के संयोजक विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने मैदान की दुर्दशा को लेकर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा खैरागढ़ से राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय खिलाड़ी निकले हैं। यह वही फतेह मैदान है जिसने उन्हें उड़ान दी लेकिन आज हालत यह है कि खिलाड़ी यहां खेलने से डरते हैं। टूटी बोतलों और गड्ढों से रोज खिलाड़ी घायल हो रहे हैं। प्रशासन और नगर पालिका को कई बार मौखिक और लिखित शिकायत करने के बाद भी अब तक सिर्फ आश्वासन मिला। अगर प्रशासन अब भी नहीं जागा तो आने वाली पीढ़ी खेलों से दूर हो जाएगी और खैरागढ़ का नाम खेल की दुनिया से मिट जाएगा। टीम ने मांग की मैदान के गड्ढों को तत्काल भरा जाए। मैदान को शराबियों से मुक्त कराया जाए। श्री देवांगन ने चेतावनी दी कि अगर प्रशासन ने तत्काल कारवाई नहीं की तो खिलाड़ी और खेलप्रेमियों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

नेता प्रतिपक्ष बोले करेंगे उग्र आंदोलन

नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन ने नपा की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के नेताओं के आते ही नगर पालिका बिना टेंडर और निविदा के लाखों रुपए खर्च कर देती है। वहीं दूसरी ओर पालिका पटाखा दुकान की नीलामी कर राजस्व तो प्राप्त करती है, लेकिन उस धन का उपयोग कहा हो रहा है यह किसी को पता नहीं। देवांगन ने चेतावनी दी कि अगर नगर पालिका ने पारदर्शी तरीके से काम नहीं किया और शहर की समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो नगर पालिका कार्यालय में ताला जड़कर बेशरम पौधा लगाकर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

अर्जुनी कॉलेज में दीक्षारंभ समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डा अंजना ठाकुर के निदेशन में 22 अगस्त को दीक्षारंभ समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पित किया गया।

प्राचार्य ने जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष टामेश्वर साहू एवशसरपंच ललिता साहू का स्वागत किया। कालेज की वेनुका एवं खोमलता ने स्वागत गीत पेश किया। स्वागत की औपचारिकता के बाद प्राचार्य ने स्वागत उद्बोधन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों, शिक्षा के महत्व को बताया।

अतिथि व्याख्याता डा. काव्या जैन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह

तनाव मुक्त शिक्षण व्यवस्था है जिससे छात्रों में शोध जागृति आएगी साथ ही बुद्धि का विकास होगा। कंचन साहू ने विभिन्न पाठयक्रमों के बारे में बताया। पूर्व छात्र एम्बेसडर मुरली साहू ने अपने अनुभव साझा किया। हिमानी साहू ने स्वयं पोर्टल के माध्यम से उपयोगी पुस्तकों एवं शिक्षा के आयामों को समझाया।

जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष दिनेश साहू ने नई शिक्षा नीति के महत्व को उजागर करते हुए छात्रों को अध्ययन में रूचि रखने प्रेरित किया। भैयालाल साहू ने शिक्षा नीति के पाठयक्रमों की सराहना करते हुए छात्रों को प्रतिदिन कालेज आने प्रेरित किया। सरपंच श्रीमती साहू ने मूल्यपरक शिक्षा की प्रशंकसा करते हुए छात्रों को जागरुक किया। अंत में मुख्य अतिथि श्री साहू ने अपने जमाने की शिक्षा का अनुभव साझा करते हुए छात्रों को मंजिल हासिल करने प्रेरित किया।

अनुभव किया साझा

दीक्षारंभ समारोह का संचालन ओमप्रकाश सहारे ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन शुभि जैन ने किया। इस दौरान हीरा सोनकर, अतिथि व्याख्याता हरवंस चौरगे, चंद्रकांत कुंभकार, मोनिश खान, डा.संजू सिंह, योगिता ठाकुर, डा.हेमलता विरदी, चांदनी परते, नेहा, दीपिका, उमेशवरी, कविता, वासनी, पूजा, उपासना, गोवर्धन निर्मलकर, शिवकुमार, योगेश निषाद, टालेश, कबीर, लिलेशवर, जितेन्द्र आदि मौजूद थे।

वित्तीय साक्षरता पर सेमीनार

गंडई पंडरिया। स्थानीय गंडई महाविद्यालय में वित्तीय साक्षरता पर एक दिवसीय सेमीनार का सफल आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को व्यक्तिगत वित्त और निवेश के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया गया।

सेमीनार का शुभारंभ सेबी अधिकारी हरिशरण सिंह और स्टेट बैंक के अधिकारी सुमित ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ डीपी कुर्रे और वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. एनएस वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। संचालन वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक प्रो. शुभम दुबे ने किया।

विशेषज्ञों ने दिए सुझाव

मुख्य अतिथि और सेबी के स्मार्ट ट्रेनर हरिशरण सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए म्यूचुअल फंड, एसआईपी जैसे निवेश प्लानों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री जन-धन योजना और प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना की भी जानकारी दी। एसबीआई के सुमित ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की विशेषताओं से अवगत कराया। प्राचार्य डॉ. कुर्रे ने पैसे का सही प्रबंधन, बचत और निवेश के महत्व बताते हुए खर्चों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. वर्मा ने छात्रों को आय और व्यय के बीच संतुलन बनाने तथा ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के उपायों के बारे में मार्गदर्शन दिया।

संगोष्ठी में प्राध्यापक गौरव जैन, दीपांशु यादव, टीएल वर्मा, हेमंत मिश्रा, बीआर वर्मा के अलावा वाणिज्य और विज्ञान संकाय के विद्यार्थी मौजूद थे। अंत में प्रो. शुभम दुबे ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

मोहारा फिल्टर प्लांट को निगम स्वतः संचालित करे-पिल्ले

राजनांदगांव। नलों में आए दिन हो रही गंदा पानी सप्लाई से लोगों की परेशानी को देखते नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने कहा कि निगम मोहारा फिल्टर प्लांट को निजी एजेंसी तेजस (अमृत मिशन) को देने के बजाय वह खुद ही संचालित करें, तब ही नगरवासियों को नलों से शुद्ध पानी की सप्लाई किया जा सकेगा और लोगों को बारिश के दिनों में जल जनित रोगों से बचाया जा सकेगा।

नेता प्रतिपक्ष श्री पिल्ले ने कहा कि मोहारा जल संयंत्र से आए दिन फिटकरी का रोना रहता है। प्लांट में पानी को शुद्ध करने कितना फिटकरी डाली जाती है, इसका भी कोई देखरेख करने वाला नहीं है। फिल्टर प्लांट से फिटकरी (एलम) गायब होने की शिकायत बनी रहती है। जिसके अभाव में पानी साफ नहीं किया जा पा रहा। इस वजह से शहरवासियों को नलों से गंदा पानी की आपूर्ति हो रही है। वैसे भी इन दिनों बरसात के कारण पानी में गंदगी रहती है, जिसे सफाई के लिए फिटकरी की ज्यादा मात्रा डाला जाना जरूरी होता है, लेकिन मोहारा जल संयंत्र से फिटकरी का गायब हो जाना, कई संदेहों को जन्म दे रहा है। श्री पिल्ले ने कहा कि बेहतर होगा कि मोहारा फिल्टर प्लांट के कर्ताधर्ता व कर्मचारियों की मनमानी और लापरवाही को रोका जा सकेगा।

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 23 अगस्त 2025

पुलिया निर्माण में लापरवाही से युवक की गई थी जान

निगम के ईई, ठेकेदार सहित चार के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मंगलवार की रात शहर के कन्हारपुरी वार्ड में निर्माणाधीन पुलिया को लापरवाहीपूर्वक खुला छोड़े जाने से वार्ड के ही बाइक सवार युवक आकाश साहू की मौत के मामले में कार्यपालन अभियंता, अभियंता, सहायक अभियंता सहित ठेकेदार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(1) और 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार रात लगभग 11 बजे बाइक सवार युवक की निर्माणाधीन पुलिया के गड्ढे में गिरकर मौत हुई थी। इसके बाद वार्ड के लोगों ने ठेकेदार और इंजीनियर की लापरवाही को लेकर कानूनी कार्रवाई की मांग की थी । वहीं कांग्रेस द्वारा भी ज्ञापन के माध्यम से एफआईआर दर्ज करने मांग की गई थी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए शासन की ओर से मेसर्स एमडी इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर प्रखर श्रीवास्तव, उप अभियंता अशोक कुमार देवांगन, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम और कार्यपालन अभियंता संजय कुमार वर्मा के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

पौंडखपूड़ी की सड़क पर नगर निगम बनैर अनुमति कर रहा था काम, सूचना तक नहीं दी

डेढ़ महीने से गड्ढा खोदकर छोड़ा, इंजीनियर-अफसरों की लापरवाही से गई युवक की जान, ग्रामीण नाराज

जांच में सामने आई लापरवाही

मृतक आकाश कुमार साहू पिता तुलसी राम साहू 26 वर्ष निवासी वार्ड नं. 35 कन्हारपुरी की मौत के मामले में जांच के दौरान पाया गया कि पुलिया निर्माण हेतु संबंधित ठेकेदार, अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा किसी प्रकार का कोई संकेतिक चिन्ह या स्टापर नहीं लगाया गया था।

सिर में आई थी चोंट

बीते 19 अगस्त को मृतक आकाश कुमार साहू अपने मित्र हरीश साहू से मिलकर ग्राम कन्हारपुरी से अपने ससुराल लखोली जाने निकला था। इसी दौरान रास्ते में तिरंगा चौक कन्हारपुरी में नाली के लिए पुलिया बनाने के लिए गड्ढा खोदा गया था। जिसमें मृतक अपनी मोटर साइकिल सहित गिर गया था। जिससे उसकी मृत्यु सिर व गर्दन में चोंट लगने और पानी में डूबकर दम घुटने से हुई थी।

डेढ़ महीने से खुला पड़ा था गड्ढा

लगभग डेढ़ महीने से पुलिया निर्माण का कार्य रोककर गड्ढा खुला छोड़ दिया गया था। इसमें संबंधित इंजीनियर और ठेकेदार की लापरवाही साफ दिखाई दे रही थी। मृतक आकाश साहू का विवाह लगभग तीन माह पूर्व ही हुआ था। युवक की मौत के बाद वार्ड के लोगों में आक्रोश की स्थिति निर्मित हो गई थी।

निर्माण कार्य में लापरवाही और देरी

तिरंगा चौक से जंगलेसर रोड पर चौक के समीप ही पुलिया का निर्माण किया जा रहा था, लेकिन ठेकेदार ने पुरानी पुलिया तोड़कर खुला छोड़ दिया था। जिससे लगभग 8-10 फीट चौड़ी और 20 फीट लंबी और 6-7 फीट गहराई का गड्ढा बन गया था। वार्ड के लोगों ने कई बार पुलिया का जल्द से जल्द निर्माण करने की मांग भी की थी, लेकिन इसका निर्माण कार्य नहीं किया जा रहा था। इस पूरे मामले में जांच के दौरान ठेकेदार, नगर निगम के इंजीनियरों की लापरवाही सामने आई है। जिसके बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

नशीली टेबलेट उपलब्ध कराने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नशे की टेबलेट उपलब्ध कराने के मामले में 11 माह से फरार आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना डोंगरगढ़ के धारा-21(बी) एनडीपीएस के मामला में 17 सितंबर 2024 को आरोपी चंद्रभान गौतम उर्फ चिन्टू 25 साल निवासी रजानगर डोंगरगढ़, रजानगर डोंगरगढ़ मजार के पास नशीली टेबलेट कुल 150 नग टेबलेट, बिक्री रकम 1000 रुपए एवं एक नग मोबाइल रेडमी कंपनी के साथ पकड़कर आरोपी के विरूद्ध धारा-21(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

ट्रेन में अज्ञात व्यक्ति से खरीदा था

पुलिस के अनुसार आरोपी राहुल देवांगन घटना से लगातार फरार था। जिसके अपने घर मोहारा आने की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस मौके में पहुंचकर आरोपी को घेराबंदी कर आरोपी को पकड़े। आरोपी से नशीला टेबलेट के संबंध में पूछताछ करने पर अगस्त-सितम्बर 2024 में अपने दोस्तों के साथ बिहार घूमने जाना, उसी दौरान ट्रेन में एक अज्ञात लड़का से 30 स्ट्रिप नशीली टेबलेट खरीदना बताया। खरीदे 30 स्ट्रिप नशीली टेबलेट में से 15 स्ट्रिप नशीली टेबलेट को चंद्रभान गौतम उर्फ चिन्टू को बेचना, शेष 15 स्ट्रिप टेबलेट को स्वयं घूम-घूमकर बेचना बताए। आरोपी को 22 अगस्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में ज्युडिशियल रिमांड पर पेश किया गया है।

पता तलाश जारी था

पुलिस के अनुसार प्रकरण में विवेचना के दौरान गिरफ्तार आरोपी चंद्रभान गौतम उर्फ चिन्टू द्वारा मोहारा राजनांदगांव निवासी राहुल देवांगन से नशीली टेबलेट खरीदना बताया था, जिस पर नशील टेबलेट उपलब्ध कराने वाले आरोपी राहुल देवांगन का घटना दिनांक से लगातार पता तलाश किया जा रहा था।

मोपेड से शराब परिवहन, आरोपी पकड़ाया हुड़दंग करने वालों पर भी हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने मोपेड में अवैध रूप से शराब परिवहन करने के मामले में आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की। वहीं मोहल्ले में हो-हुडदंग करने के मामले में 10 अनावेदक के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति अवैध रूप से धन अर्जित करने अवैध रूप से शराब अपने मोपेड से ले जा रहा है। सूचना पर घेराबंदी कर जूपिटर बिना नंबर को रोककर पूछताछ करने पर अपना नाम मनोज बंजारे 26 साल निवासी महरूमकला का रहने वाला बताया तथा आरोपी के कब्जे से वाहन के पैरदान में रखे थैला के अंदर 25 नग देशी मसाला पौवा कीमती 2500 रुपए एवं जूपिटर बिना नंबर को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(ए) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस ने की कार्रवाई

इसी कड़ी के दौरान थाना बसंतपुर के अलग-अलग स्थानों पर मोहल्ले में हो-हुडदंग कर परिशांति भंग करने वाले अनावेदक बालकृष्ण बघेल 35 साल निवासी कुंआ चौक नंदई, प्रितेश बघेल 20 साल निवासी कुंआ चौक नंदई, मनोज साहू 28 साल निवासी कुंआ चौक नंदई, सौरव श्रीवास 19 साल निवासी इंदिरा नगर, मो. असलम 50 साल निवासी डबरीपारा, तुलेश्वर बघेल 30 साल निवासी क्लब चौक, अमर साहू 27 साल निवासी तालाबपारा, शशि मरकाम 18 साल निवासी महामाया चौक, रोहित सोनवानी 19 साल निवासी डबरीपारा चौक, वासु रजक 29 साल निवासी दुर्गा चौक के विरूद्ध इस्तगाशा धारा 170, 126, 135(3) भा ना सु सं के तहत इस्तगाशा तैयार माननीय एसडीएम न्यायालय राजनांदगांव के समक्ष पेश किया गया।

उरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू, सहायक उपनिरीक्षक गोवर्धन देशमुख, डेजलाल मांडले, डेमिन साहू, प्रधान आरक्षक दीपक जायसवाल, दीपक जाटव, आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा, अतहर अली, जामिन्द्र वर्मा एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री
मान.श्री भूपेश बघेल जी
23 अगस्त
24 अगस्त
एंव पूर्व कैबिनेट मंत्री मान.अकबर भाई को जन्मदिन
की हार्दिक बधाई एंव शुभकामनांए ...
आकाश केशरवानी
विनीत :- अरविंद चन्द्रवंशी,छोटु वर्मा,प्रशांत यादव,संतोष धुर्वे,प्रहलाद धुर्वे

छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय महासचिव
मान. भुपेश बघेल जी
एवं
छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व केबिनेट मंत्री व कवर्धा के पूर्व विधायक
मान. मो.अकबर जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
23 अगस्त
24 अगस्त
होरीराम साहू
जिला अध्यक्ष
अशोक सिंह
शहर अध्यक्ष
गोपाल चन्द्रवंशी
जिला संगठन महामंत्री
विनीत- जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम

छत्तीसगढ़ की माटी की खुशबू और छत्तीसगढ़िया संस्कृति तीजा, पोरा, तिहार के
मान–सम्मान को बढ़ाने वाले छत्तीसगढ़ के किसानों के सच्चे हितैषी,
जनप्रिय नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री
मा.श्री भूपेश बघेल जी
HAPPY BIRTHDAY
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
छत्तीसगढ़ की माटी की सुगंध और हमारी गौरवशाली छत्तीसगढ़िया
संस्कृति, तीजा, पोरा, गणेश चतुर्थी जैसे तिहार के मान–सम्मान को संजोए और
आगे बढ़ाने वाले समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
आप सभी भाई बहनों के सहयोग और सहभागिता से हमारी परंपराएं और अधिक समृद्ध हो रही हैं।
इन्हीं शुभकामनाओं के साथ देश की खुशहाली, समृद्धि और आपसी भाईचारे की कामना करती हूँ।
ममता चंद्राकर
पूर्व विधायक, पंडरिया छत्तीसगढ़
ममता चंद्राकर एवं पंडरिया विधानसभा के समस्त क्षेत्रवासी एवं कांग्रेस जन पण्डरिया कबीरधाम (छ.ग.)

हम सब के प्रिय जननायक, महापौर
माननीय मधुसूदन यादव जी
बुथ अध्यक्ष
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई...
23 AUGUST
श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा
चेयरमैन - महिला एवं बाल विकास विभाग
पार्षद - वार्ड नं. 25, राज

हम सब के प्रिय जननायक महापौर
मधु भैया
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई...
जीवेत शरदः शतम्
23 AUGUST
नरेन्द्र यादव (मुन्ना)
मदन यादव (मंटू)
अंकित सिंह चौहान
विश्वेन्द्र प्रताप सिंह
समीर श्रीवास्तव

विनीत - पिछड़ा वर्ग मोर्चा, भारतीय जनता पार्टी, राजनांदगांव (छ.ग.)

विनीत - अनुसूचित जाति मोर्चा, भारतीय जनता पार्टी, राजनांदगांव (छ.ग.)

विनीत - मधु फैन्स क्लब, राजनांदगांव (छ.ग.)

हम सब के प्रिय जननायक, महापौर
मान. मधुसूदन यादव जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई...
23 AUGUST
सावन वर्मा
सुनील साहू
राजा माखिजा
रानू जैन
आलोक श्रोती
संकी बग्गा
डिलेश्वर साहू
वर्षा शरद सिन्हा
केवरा विजय राय
बीना ध्रुव
शुभेच्छु : प्रभारी सदस्य, नगर पालिक निगम,राजनांदगांव (छ.ग.)

हम सब के प्रिय जननायक, महापौर
मान. मधुसूदन यादव जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई...
23 AUGUST
शुभेच्छु
पार्षदगण,
नगर पालिक निगम,
राजनांदगांव (छ.ग.)

सार समाचार

राजनांदगांव। भक्ति मंडल के नाम पर महिलाओं की ऐसी संस्था जो प्रत्येक माह की दोनों एकादशी के दिन अपने सदस्यों के यहां भजन आयोजित करती है। उक्त संस्था द्वारा श्री अग्रसेन भवन में वार्षिक उत्सव आयोजित किया गया। जिसमें महिलाओं ने भक्तिभावपूर्वक भजनों का आनंद उठाया।

मोतीपुर में एक दिवसीय चिकित्सा शिविर आज

राजनांदगांव। शासकीय भवन आजाद चौक मोतीपुर राजनांदगांव में कल 23 अगस्त को सुबह 8 से दोपहर 3 बजे तक आयुष विभाग राजनांदगांव द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। डॉ. शिल्पा मिश्रा जिला आयुष अधिकारी राजनांदगांव द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य शिविर में आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा उपचार कर निःशुल्क औषधियों का वितरण किया जाएगा। साथ ही शिविर में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी द्वारा जनमानस का प्रकृति परीक्षण एवं काढा वितरण भी किया जाएगा। आयुष विभाग ने शहर के नागरिकों से उक्त आयोजित निःशुल्क शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

जिम्मेदार लोगों पर हो कार्रवाई - अमरनाथ

राजनांदगांव। कन्हारपुरी राजनांदगांव निवासी 26 वर्षीय आकाश साहू पिता तुलसी साहू का कन्हारपुरी वार्ड के तिरंगा चौक में नगर निगम द्वारा बीच सड़क पर खोदे ठहरा नाली के गड्ढा में मोटर साइकिल सहित गिर जाने के कारण दो दिन पूर्व दर्दनाक मौत हो गई। जिनका 4 माह पूर्व ही विवाह हुआ था। इस घटना पर जिला साहू संघ के पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू ने दुख व्यक्त करते निगम प्रशासन व ठेकेदार की लापरवाही को समाज के युवक के मौत का जिम्मेदार ठहराया है। इस घटना का जांच कर निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारी व ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही पीड़ित परिवार को राहत राशि दिन जाने की मांग की गई है।

दो दिवसीय क्रीड़ा व बौद्धिक स्पर्धा आयोजित

डोंगरगांव। जिला ग्राम भारती राजनांदगांव ने दो दिवसीय क्रीडा एवं बौद्धिक प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर मोहड़ में किया। स्पर्धा में अर्जुनी, मोहड़, आसरा, आमगांव, तुमड़ीबोड, टेडेसरा और खुज्जी विद्यालय के 287 भैया-बहनों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया।

हर्षा ने गोला फेंक, तवा फेंक एवं ऊंची कूद में प्रथम स्थान प्राप्त कर चैम्पियन होने का गौरव प्राप्त किया। प्रतिवर्ष की भांति सोहम साहू ने इस बार भी गीता पाठ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 200 मी. दौड़ में हिमांशु एवं दीपिका प्रथम, गुलशन बाधा दौड़ में प्रथम एवं 100 मी. में द्वितीय, ऊंची कूद वेदांत निषाद प्रथम, एनोश तवा फेंक एवं हिमांशु गोला फेंक में द्वितीय, रिले रेस में द्वितीय, कथा कथन वेदांत साहू प्रथम, मूर्तिकला कान्हा प्रथम, प्रहलाद वर्ग छविकांत गीता पाठ प्रथम एवं कथा कथन द्वितीय, गीत में खुशबू साहू प्रथम, फुगडी सेजल प्रथम, मितान दौड़ विकास द्वितीय आदि सभी बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना एवं अपने विद्यालय का मान बढ़ाया।

बननवागांव में दो दिवसीय रामधुनी आयोजित

राजनांदगांव। बननवागांव में गोविंद उत्सव समिति द्वारा दो दिवसीय रामधुनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति ने इस आयोजन को

सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया। जिसमें ग्रामवासियों के साथ-साथ आसपास क्षेत्रों से भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्घाटन मंगलाचरण और भजन-कीर्तन के साथ हुआ। समिति की ओर से बताया गया कि यह रामधुनी का आयोजन लगातार किया जा रहा है और इसका लाभ समाज को सकारात्मक वातावरण प्रदान करना है। कार्यक्रम में विभिन्न भजन मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन पवन कुमार जेठमल ने किया। समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान ग्राम समिति ने संदेश दिया कि धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ समाज में प्रतिभाओं को भी प्रोत्साहित करना आवश्यक है। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण भी किया गया। अंत में आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं और आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

सांसद, विधायक, कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों को ठहराया जिम्मेदार

मोहला की खस्ताहाल सड़क पर युवाओं का फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला अंतर्गत जिला मुख्यालय मोहला की खस्ताहाल सड़कों को लेकर आज स्थानीय युवाओं का गुस्सा फुट पड़ा। युवा आज शुक्रवार दोपहर दो बजे बस स्टैंड में एकत्रित हुए और बस स्टैंड से कलेक्टोरेट तक अनोखी रैली निकालकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया है। बस स्टैंड से युवा बाजे-गाजे के साथ रैली निकाले और खस्ताहाल सड़क की स्थिति को लेकर रास्तेभर मिठाई बांटे, फटाखे फोड़े और जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध जताया है।

इसके साथ ही युवाओं ने इस विरोध प्रदर्शन में सांसद संतोष पांडे, मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, मोहला-मानपुर कलेक्टर तुलिका प्रजापति, पीडब्लूडी विभाग के अधिकारियों और स्थानीय सरपंच का मुखौटा लगाकर विरोध प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनकारी युवाओं ने जिला मुख्यालय मोहला की सड़क की जर्जर स्थिति के लिए जिला प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदार बताया है।

सौंपा ज्ञापन

दोपहर दो बजे लाल श्याम शाह की पूजा-अर्चना के साथ बस स्टैंड से निकली विरोध रैली दुर्गा चौक, जयस्तंभ चौक, फौव्वारा चौक होते हुए आज शाम 4 बजे कलेक्टोरेट पहुंची और जहां सड़क की स्थिति को सुधारने के लिए जिला कलेक्टर तुलिका प्रजापति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है।

जमकर की नारेबाजी

प्रदर्शनकारी युवाओं ने विरोध प्रदर्शन रैली के दौरान कलेक्टर हटाओ, मोहला बचाओ, जिला प्रशासन होश में आओ, मोहलावासी होश में आओ जैसे नारे भी जमकर लगाए है। इसके साथ ही युवाओं ने रैली के दौरान स्थानीय व्यापारियों को मिठाई खिलाकर व माला पहनाकर सड़क की जर्जर स्थिति के लिए उन्हें मैं हूं जिम्मेदार का पोस्टर पकड़वाकर मिठाई खिलाई और फूल-माला पहनाकर फोटो खिंचवाई और जोरदार प्रदर्शन किया है।

हफ्तेभर का अल्टीमेटम

युवाओं ने सड़क की मरम्मत करने जिला प्रशासन को 7 दिन का अल्टीमेटम दिया है। युवाओं ने बताया कि 7 दिवस के भीतर जिला प्रशासन द्वारा सड़क का उचित मरम्मत नहीं किया जाता है तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। रैली के दौरान स्थानीय पुलिस बल भी सुरक्षात्मक दृष्टि से तैनात रहा। इस अनोखे प्रदर्शन को देखने के लिए सड़क पर लोगों की भीड़ भी जमा होती रही।

डायरिया का प्रकोप, साठ से अधिक उल्टी-दस्त से बीमार

मोहला। विकासखंड के सेम्हरबांधा में तकरीबन साठ से अधिक महिला-पुरूष और बच्चे उल्टी-दस्त से बीमार हो गए। उल्टी-दस्त के मरीज अंबागढ़ चौकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए गए हैं, जहां उनका ईलाज जारी है। दूसरी तरफ स्वास्थ विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल से स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। बताया जा रहा है कि सेम्हरबांधा के एक मोहल्ले में हैंडपंप के दूषित पानी पीने से साठ से अधिक लोग बीमार हो गए, जिन्हें एक-एक कर अंबागढ़ चौकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जिनका इलाज जारी है। वहीं दूसरी तरफ स्वास्थ कर्मचारियों के हड़ताल से व्यवस्था चरमरा गई है।

स्वास्थ्य विभाग ने लगाया कैम्प

जिला सीएमएचओ विजय खोब्रागढ़े ने बताया कि सेम्हारबांधा में पानी की पाईप लाइन एक दलदल से होकर गुजरने वाली पाईप फूटने के कारण पानी दूषित हो गया। जिसके कारण दूषित पानी पीने की वजह से उल्टी-दस्त के मरीज बढ़ गए। पाईप लाइन को बंद कराया गया है। साथ ही गांव में कैम्प लगाकर उपचार किया जा रहा है।

पांच मरीजों को राजनांदगांव किया गया रिफर

जिला स्वास्थ्य अधिकारी खोब्रागढ़े ने बताया कि दूषित पानी पीने की वजह से पांच मरीज की हालत को देखते हुए राजनांदगांव रिफर किया गया है। कर्मचारियों की हड़ताल से उपचार में कोई बाधा नहीं आ रही है। डॉक्टरों की टीम निगरानी बनाए हुए हैं।

24 को मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन करेगी पांच सौ बच्चों का सम्मान

रिटायर्ड-अफसर कर्मचारियों ने बनाई संस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन समिति प्रदेश के सभी जिलों के लगभग पांच सौ से अधिक जरूरतमंद बच्चों का सम्मान करेगी। प्रदेश के अलग-अलग विभागों से सेवानिवृत्त हुए अधिकारी-कर्मचारियों ने इस समिति का गठन किया है।

इसके तहत 10वीं और 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जरूरतमंद बच्चों को चेक देकर सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वाले छात्रों में राजनांदगांव से भाव्या साहू, दिलिशा साहू, मानसी साहू, शीतल साहू, राशि साहू, कबीरधम से नुतेश साहू, शानु साहू, जीवन साहू, खैरागढ़ से जीवन साहू, धनंजय साहू, तृप्ति साहू, सोमेश साहू शामिल हैं।

संचालक मंडल के पदाधिकारी टेकराम साहू एवं दिनेश कुमार साहू ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को मदद करने के उद्देश्य से इसका गठन किया गया है। इसके लिए प्रदेशभर में अभियान चलाकर फंड एकत्रित किया गया है। इसके माध्यम से बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए भी आर्थिक मदद प्रदान की जाएगी। इसमें इंजीनियरिंग, मेडिकल के अलावा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले बच्चों का खर्च उठाया जाएगा। उन्होंने बताया कि राजधानी रायपुर के मधु पिल्लै चौक स्थित विमतारा भवन में इस प्रोत्साहन समारोह का आयोजन 24 अगस्त को किया जा रहा है। सुबह 10 से शाम 5 तक होने वाले इस आयोजन में प्रदेशभर के प्रतिभावान बच्चे और उनके परिजन शामिल होंगे।

सड़क पर बैठे मवेशियों के मालिकों पर कार्रवाई

राजनांदगांव। सड़क में बैठे मवेशियों का टेक नंबर जारी कर दो मवेशी मालिकों के खिलाफ

डोंगरगांव पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस के इस अभियान में पशु चिकित्सा विभाग, स्थानीय गौरक्षा समिति और गौसेवक शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन पर 22 अगस्त को पुलिस अनुविभागीय अधिकारी दीलीप सिसोदिया एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में पशु चिकित्सा विभाग, स्थानीय गौरक्षा समिति एवं गौसेवकों को साथ लेकर रोड पर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान सड़क पर बैठे मवेशियों के मालिकों का टेक नंबर एनालिसिस कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की गई। मवेशियों के संबंध में अपेक्षापूर्ण आचरण कृत करते पाए जाने से जनसुरक्षा को खतरे में डालने का दोषी पाए जाने पर डिगेश्वर यादव, उमेश कुमार यदु दोनों निवासी डोंगरगांव के विरूद्ध धारा 291 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई।

लोहाणा महिला मंडल की दिव्या अध्यक्ष, सिद्धि बेन बनीं सचिव

राजनांदगांव। लोहाणा महिला मंडल की कार्यकारिणी का गठन अध्यक्ष दिव्या बेन नगदिया ने लोहाणा महाजन के निर्देशन में किया। जिसमें संरक्षक इंदु बेन ठक्कर, उषा बेन सोनछात्रा, निशा बेन जोबनपुत्रा, ज्योति बेन बुद्धदेव, आशा बेन सोनछात्रा, शोभना बेन मिरानी, ज्योति बेन कारिया, भारती बेन बुद्धदेव, मनीषा बेन कक्कड़, हंसाबेन पोपट, सलाहकार मंडल में नीता बेन रायचा, रुपल बेन बुद्धदेव, रश्मि बेन रायचा, ज्योत्सना बेन रायचा, वंदना बेन रायचा, उपाध्यक्ष शीला बेन जोबनपुत्रा, अल्का बेन रायचा, मधु बेन काथरानी, गीता बेन गणात्रा, सचिव सिद्धि बेन मिरानी, सहसचिव दीपा बेन ठक्कर, कविता बेन बुद्धदेव, प्रिया बेन भोजाणी, कोषाध्यक्ष धर्मिष्ठा बेन कोठारी, सह कोषाध्यक्ष हीना बेन रायचा, चेतना बेन भोजाणी, पूनम बेन भोजाणी, संस्कृति प्रभारी राधा बेन जोबनपुत्रा, रूपा बेन चतवानी, ममता बेन रायचा, गीता बेन काथरानी, कविता बेन रायचा, जयश्री बेन कक्कड़, प्रचार प्रसार प्रभारी रूपा बेन कोटक, प्रगति बेन साहिता, रूपा बेन कोठारी, शीतल बेन गट्टा, विशेष आमंत्रित सदस्य रीटा बेन पुजारा, ज्योति बेन रायचा, संध्या बेन भोजाणी, सुमन बेन सोनछात्रा, संगीता बेन साहिता, चंद्रिका बेन नथवानी, लेखा बेन चतवानी, कार्यकारिणी सदस्य धनश्री बेन गणात्रा, अल्पा बेन राजा, किंजल बेन रायचा, गीता बेन सेजपाल, बीना बेन कोटक, कविता बेन माणेक, गौरी बेन आड़तिया, अनिता नथवानी, तृप्ति बेन ठक्कर, जयश्री बेन बुद्धदेव, पायल बेन जोबनपुत्रा, सोनल बेन रायचा, दिव्या बेन वडेरा, सेजल बेन रायचा, धारा बेन रायचा, नैना बेन भोजाणी, नेहा बेन रायचा, विभा बेन बुद्धदेव, लीना बेन भोजानी, हीना चयन रायचा, रौशनी बेन खख्खर, दक्षा बेन नगदिया, मेघा बेन रायचा, भावना बेन भीमजियानी, पूजा बेन सौमय्या, संस्कृति बेन बुद्धदेव, ममता बेन कोठारी, ख्याति बेन रायचा को जिम्मेदारी दी गई है।

महापौर ने पौधारोपण में निभाई सहभागिता.

राजनांदगांव। छात्र युवा मंच राजनांदगांव द्वारा शहर के शीतला मंदिर प्रांगण से जीई रोड स्थित गुरूद्वारा तक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन सेवा प्रतिभा सम्मान सप्ताह के अवसर पर 18 अगस्त को सुबह 10 बजे से प्रारंभ किया गया। ज्ञात हो कि महापौर मधुसूदन यादव के जन्मदिन को सेवा प्रतिभा सम्मान सप्ताह के रूप में मनाने के सद्उद्देश्य से छात्र युवा मंच राजनांदगांव द्वारा 15 से 26 अगस्त तक संस्कारधानी में विविध सकारात्मक एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से नगर की जनता को समाजसेवा के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में छात्र युवा मंच राजनांदगांव एवं राष्ट्रीय सेवा योजना राजनांदगांव के कैडेट्स के संयुक्त तत्वावधान में यह वृक्षारोपण सेवा कार्य आयोजित किया गया। जिसमें शीतला मंदिर से गुरूद्वारा तक कुल 30 नीम के पौधों का रोपण कर

इस मार्ग को नीम कॉरिडोर के रूप में विकसित करने का कार्य किया गया। उक्त कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव ने सहभागिता निभाते अपने करकमलों से नीम के पौधों का वृक्षारोपण किया और उपस्थित छात्रों एवं जनसेवकों को प्रोत्साहित किया। आयोजन में पार्षद शैंकी बग्गा, पार्षद शेखर लश्करे, छात्र नेता नोमेश वर्मा सहित दिलीप गिरी गोस्वामी, मोनिका दास, संजय सप्तऋषि समेत अन्य लोग शामिल थे।

गंज लाइन में बैल दौड़ स्पर्धा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के बाल समाज द्वारा गंज लाइन में कल 23 अगस्त की शाम बैल दौड स्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसमें पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा।

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बाल समाज द्वारा बैल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। बाल समाज के अध्यक्ष मनीष खंडेलवाल ने बताया कि बाल समाज, सिद्ध पीठ बालाजी मंदिर व गंज लाइन व्यापारी संघर्ष समिति द्वारा प्रतिवर्ष पुरानी परंपरा पोला पर्व पर बैल दौड़ प्रतियोगिता धूमधाम से मनाई जाती है। जिसमें बैलों के मालिकों को सम्मानित करने के साथ बैलों की पूजा-अर्चना प्रमुख रूप से की जाती है।

बच्चों के लिए लगेगा मेला

वहीं दौड़ के पूर्व मेला का आयोजन होता है। जिसमें विभिन्न प्रकार के झूले, खिलौनो सहित अन्य सामग्री की दुकानें लगती है। जिसका आनंद लेने आसपास क्षेत्रों से बड़ी संख्या में जनसमुदाय आते हैं। इस वर्ष बैल दौड़ दो वर्गों में बैल जोड़ी एवं सिंगल बैल दौड़ प्रतियोगिता रखी गई है समिति के अध्यक्ष मनीष खंडेलवाल ने बताया कि सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार के साथ प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को विशेष आकर्षण पुरस्कार दिया जाएगा। जिसमें नगद पुरस्कार के अलावा रापा, धमेला, शंकल, खुदाड़ी, बाल्टी, टब सहित कृषि से संबंधित सामग्री इनाम में दी जाएगी।

शाम छह बजे से आयोजन

बैल दौड़ प्रतियोगिता शाम 6 बजे लाखोली नाका चौक से प्रारंभ होकर तिरंगा चौक गंज लाइन में समाप्त होगी। आयोजन के सफल संचालन हेतु कैलाश राठी, नीरज महेश्वरी, सूर्यकांत जैन, गोपाल शर्मा, मोहन, गोपाल खंडेलवाल, पराग हुंका, लल्ली जैन, पूर्व पार्षद गप्पू सोनकर, प्रकाश यादव प्रभारी बनाए गए हैं। जानकारी मीडिया प्रभारी रुपेश गुप्ता ने दी।

दही हांडी महोत्सव कल

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पोला पर्व के उपलक्ष्य में बैल दौड़ तथा दही हांडी का आयोजन किया जा रहा है। कल 23 अगस्त को बैल दौड़ तथा 24 अगस्त को दही हांडी का कार्यक्रम चांदनी चौक चिखली में रखा गया है।

लखोली में रोमांचक बैल दौड़

लखोली में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बैल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन कल 23 अप्रैल को पोला पर्व के शुभ अवसर पर किया जा रहा है। यह आयोजन लखोली युवा संगठन एवं समस्त वार्डवासियों के तत्वावधान में संपन्न होगा। आयोजन समिति के सदस्य भानु मरकाम ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता में भाग लेने प्रतिभागियों को 151 रुपए प्रवेश शुल्क के रूप में जमा करना होगा। साथ ही सभी प्रतिभागियों को आकर्षक इनाम प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने वार्डवासियों सहित आसपास के लोगों बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

पूर्व पीएम की जयंती पर शहर में विविध आयोजन

आधुनिक भारत के सूत्रधार थे राजीव : कांग्रेस

राजनांदगांव। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी का 20 अगस्त को 81वां जन्मदिवस पर उनके जीवन पर संगोष्ठी सभा कर विविध आयोजन पौधरोपण व रक्तदान कर मनाया गया।

संगोष्ठी सभा का संचालन करते शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में संगोष्ठी सभा का आयोजन किया गया। कांग्रेसजनों द्वारा स्व.राजीव गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर संगोष्ठी सभा की शुरूआत की। पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने कहा कि स्व. राजीव गांधी ने देश के लिए जो कार्य किया है, उसे भुलाया नहीं जा सकता। चाहे वह दूरसंचार, सूचना क्रांति, शिक्षा के क्षेत्र में जो कार्य किया, वह उल्लेखनीय है। यहां तक 18 वर्ष के युवाओं को मतदान का हक दिलाया है, ताकि देश के विकास में युवाओं का ज्यादा से ज्यादा योगदान हो। संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू ने कहा कि आज जो नए भारत विकसित भारत दिख रहा है, उनके दूरगामी सोच का नतीजा है, किन्तु विपक्षी पार्टी उनके किए गए कार्यों को अपने नाम बताकर देश की जनता को भ्रमित किया जा रहा है। छग खादी एवं ग्रामोद्योग के सदस्य श्रीकिशन खंडेलवाल ने कहा कि दूरगामी सोच के साथ-साथ युवाओं को आगे बढ़ाने और विकसित राष्ट्र के लिए प्रतिबद्ध थे राजीव गांधी। त्रिस्तरीय पंचायती राज के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूती के लिए कई अहम फैसले लिए।

शहर अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने कहा कि स्व. राजीव गांधी के समावेशी विकास की दूरदर्शितापूर्ण सोच के साथ त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था, संचार क्रांति एवं युवाओं को मतदान का अधिकार जैसे निर्णयों से उन्होंने 21वीं सदी के भारत की नींव रखी। स्व. गांधी की सोच का नतीजा है कि आज संचार क्रांति के माध्यम से विश्व के किसी भी कोने से बात कर रहे, युवाओं को रोजगार की बात हो यह सब राजीव गांधी की देन है। संगोष्ठी सभा को वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश डाकलिया, इकरामुद्दीन सोलंकी, कुतबुद्दीन सोलंकी, संतोष पिल्ले, हेमा देशमुख, विवेक वासनिक, आसिफ अली, सूर्यकांत जैन, माया शर्मा, जयनारायण सिंह, मामराज अग्रवाल ने

रक्तदान व पौधरोपण

तत्पश्चात सिंगदई वार्ड नं. 50 में पार्षद मुकेश साहू द्वारा हाईस्कूल प्रांगण में आयोजित पौधरोपण में शामिल हुए। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए एवं स्कूली बच्चों को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के जीवनी का संक्षिप्त परिचय कराया। इस दौरान राकेश रावटे, भरत निषाद, टीकम निषाद, मदन साहू, कंगलू कुंजाम, भरत साहू, विजय साहू मौजूद रहे। इसके बाद युवक कांग्रेस द्वारा नांदगांव ब्लड बैंक मठपारा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जहां पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष व पदाधिकारियों द्वारा रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। इस दौरान युवक कांग्रेस अध्यक्ष गुरभेज माखिजा, मानव देशमुख सहित युकां उपस्थित थे।

किसान विरोधी है भाजपा सरकार

राजनांदगांव। अघोषित बिजली कटौती को लेकर सवाल उठाते जिला कांग्रेस कमेटी संयुक्त महामंत्री राम साहू ने कहा कि सरप्लस

बिजली वाले छत्तीसगढ़ में भाजपा के 20 महीने के कुशासन में ही 8-8 घंटे बिजली कटौती होने लगी है।

एक तरफ खंड वर्षा से मैदानी क्षेत्रों के पानी की कमी के चलते खेती में दरारें पड़ रही है, बिजली कटौती के कारण किसान पंप से भी सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं, कई जिलों में किसान बांध से पानी छोड़ने की मांग को लेकर लगातार आंदोलित हैं, खरीफ की फसल बर्बाद होने की कगार पर है, लेकिन किसान विरोधी भाजपा सरकार अभी तक जाग नहीं रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की प्राथमिकताओं में जनसुविधा है ही नहीं। स्कूलों में तिमाही परीक्षा का समय आ गया है, बिजली कटौती से लाइट, पंखे के अभाव में अध्ययन, अध्यापन कर पाना मुश्किल हो रहा है। नेता, मंत्री अफसर ने अपने लिए तो सरकारी संसाधनों से इनवर्टर जनरेटर की व्यवस्था कर ली है। गरीब, मध्यम वर्ग और आम जनता की सुध लेने की फुर्सत इस सरकार को नहीं है।

मशाल यात्रा 24 को

राजनांदगांव। पूज्य भदंत धम्मतप जी राष्ट्रीय

सलाहकार एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी ऑल इंडिया बुद्धिष्ट फोरम भारत ने कहा कि राजनांदगांव में महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के तृतीय चरण के प्रेरणेता डॉ. आकाश लामा महासचिव ऑल इंडिया बुद्धिष्ट फोरम, भदंत करूणाकर महाथेरो दिल्ली, भदंत चंद्रकीर्ती अध्यक्ष महिला सशक्तिकरण संघ, चंद्रबोधि पाटिल अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा नागपुर व भारत एवं तमाम राष्ट्रीय कार्यकारिणी तथा छत्तीसगढ़वासियों की उपस्थिति में 24 अगस्त सुबह 10 से संध्या 6 बजे तक शांति मशाल यात्रा एवं भव्य सभा का आयोजन कलेक्टर परिसर के सामने ओबरब्रिज के नीचे राजनांदगांव (छग) में किया जा रहा है।

मान.
भूपेश बघेल जी
पूर्व मुख्यमंत्री, छ.ग.शासन
23 अगस्त
को
जन्मदिन
की बधाई एवं शुभकामनाएं...
रमेश खंडेलवाल
उपाध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी,राजनांदगांव ग्रामीण
गोवर्धन देशमुख
अंगेश्वर देशमुख
मान. नवाज़ भाई
पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राज.
पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव (ग्रामीण)
रवि साहू
विनीत : रमेश खंडेलवाल जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, राजनांदगांव (ग्रामीण)

23 अगस्त
छत्तीसगढ़ महतारी के दुलरवा बेटा पूर्व मुख्यमंत्री छ.ग.
माननीय
भूपेश बघेल जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
मा. भूपेश बघेल जी
पूर्व मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
वेदराम साहू
पूर्व अध्यक्ष, सरपंच संघ केसीजी
23 अगस्त

छत्तीसगढ़ महतारी के दुलरवा बेटा पूर्व मुख्यमंत्री छ.ग.
माननीय
भूपेश बघेल जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएँ
23 अगस्त
श्रीमती यशोदा वर्मा
विधायक खैरागढ़
मनराखन देवांगन (अधिवक्ता)
विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व सभापति न.पा.परिषद खैरागढ़

गरीब किसान के सुनईया, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री
माननीय
भूपेश बघेल जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
मा. भूपेश बघेल जी
पूर्व मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
उत्तम सिंह ठाकुर
वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी केसीजी
समस्त क्षेत्रवासी, विधानसभा क्षेत्र खैरागढ़ छ.ग.

मुख्यमंत्री की मंशा, उपमुख्यमंत्री के प्रयास और कलेक्टर के मार्गदर्शन से मिली बड़ी सौगात

कवर्धा अस्पताल में सीटी स्कैन सुविधा एक माह में 145 मरीजों को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयास और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर जिले को एक ऐतिहासिक सौगात मिली है। जिला बनने के बाद पहली बार जिला अस्पताल में सीटी स्कैन की सुविधा प्रारंभ की गई है। इस महत्वपूर्ण सेवा को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने में कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन और जिला स्वास्थ्य विभाग की सक्रिय भूमिका रही है। 25 जुलाई को इस सुविधा का शुभारंभ हुआ और महज एक माह से भी कम समय में लगभग 145 मरीजों को इसका लाभ मिल चुका है। शुभारंभ के दिन ही एक ग्रामीण मरीज का सीटी स्कैन कर सेवा की शुरुआत की गई थी। अब तक जिले के लोगों को सीटी स्कैन जैसी जांच के लिए रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर जैसे बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था। इसमें समय और धन दोनों की भारी बर्बादी होती थी। लेकिन अब यह सुविधा शासकीय जिला अस्पताल में उपलब्ध होने से जरूरतमंद मरीजों और उनके परिवारों को बड़ी राहत मिली है

जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हमारी प्राथमिकता: डिप्टी सीएम

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सीटी स्कैन सेवा शुभारंभ के दौरान कहा था कि जिले के लिए अत्यंत आवश्यकता थी, आज वह सार्थक साबित हो रहा है। इससे न केवल स्थानीय मरीजों की कठिनाई दूर हुई है, बल्कि गरीब और जरूरतमंद परिवारों को समय और धन की भी बचत हो रही है। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और सशक्त बनाने की दिशा में लगातार प्रयास जारी रहेंगे। आने वाले समय में इस सेवा को और अधिक सशक्त और सुलभ बनाया जाएगा ताकि जिले और आसपास के अधिक से अधिक मरीजों को समय पर लाभ मिल सके।

सभी ब्लॉकों और अन्य जिलों से मिले लाभार्थी

जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ केशव ध्रुव ने बताया कि जिला अस्पताल में 25 जुलाई 2025 को इस सुविधा का शुभारंभ हुआ और महज एक माह से भी कम समय में लगभग 145 मरीजों को इसका लाभ मिल चुका है। अब तक सीटी स्कैन जांच का लाभ विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे मरीजों ने उठाया है जिसमें पंडरिया ब्लॉक से 22 मरीज, बोड़ला से 35 मरीज, सहसपुर लोहारा से 25 मरीज, कवर्धा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से 50 मरीज अन्य जिलों से 13 मरीज इनमें से 14 मरीजों का स्कैन आपातकालीन स्थिति में किया गया, जो मरीजों के उपचार में बेहद सहायक साबित हुआ।

एक गांव से दूसरे गांव को जोड़ने के लिए नहीं हो सका सड़कों का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

गांव से गांव जोड़ने के लिए सड़क निर्माण की बात शासन द्वारा की जाती है, लेकिन जमीनी स्तर पर काम तो दूर, ऐसे मार्गो को स्वीकृति नहीं मिल पाती है। ग्रामीणों से मिलने वाली शिकायतों के बाद विभाग द्वारा उनका प्रस्ताव बनाकर शासन को तो भेज दिया जाता है, लेकिन यह प्रस्ताव सिर्फ फाइल बनकर रह जाते हैं। ऐसी स्थिति में ग्रामीणों को बदहाल मार्गों से आवागमन करना पड़ता है। विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम घुकसा से नाऊडीह, नाऊडीह से बीजाझोरी, घुकसा से डबराभाट और सारंगपुर खुर्द से जमुनिया तक के कई गांव ऐसे हैं, जहां एक से दूसरे गांव तक आवागमन के लिए सड़कों का निर्माण नहीं हुआ है। वही कुछ स्थानों पर सड़क तो है, लेकिन वे बदहाल हो रही है। इन मार्गो के निर्माण को लेकर ग्रामीणों द्वारा अरसे से मांग उठाई जाती रही है। जहां सड़क निर्माण की दरकार है, लेकिन अधिकांश मार्ग का प्रस्ताव केवल कागजों तक ही सीमित रह गया है।

खबर संक्षेप

रितिका तिवारी का एमबीबीएस में चयन परिजनों में उत्साह

हरिभूमि कवर्धा। रितिका तिवारी ने सत्र 2025 की नीट परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर एमबीबीएस में प्रवेश प्राप्त किया है। वह अब रायगढ़ स्थित शासकीय मेडिकल कॉलेज से चिकित्सक बनने का सपना साकार करेंगी। रितिका बचपन से ही एक मेधावी छात्रा रही हैं। उनके पिता व्याख्याता राजेश तिवारी और माता शिक्षिका श्रीमती प्राची तिवारी ने रितिका की निरंतर कड़ी मेहनत से सफलता प्राप्त किया। रितिका के इस उपलब्धि पर तिवारी परिवार (पोंड़ी) सहित इष्टमित्रों व शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस सफलता ने न केवल परिवार को गौरवान्वित किया है बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल बना दिया है।

निधन

शिवसिंह चौहान

हरिभूमि कोलेगांव। विकासखंड पंडरिया के ग्राम बसनी निवासी शिवसिंह चौहान का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया, जिसका अंतिम संस्कार ग्राम स्थित मुक्तिधाम में किया गया। स्व. श्री चौहान को आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन व गणमान्य नागरिकों ने उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

सांसद के प्रयास से पोंड़ी में महतारी सदन निर्माण की मिली स्वीकृति, ग्रामीणों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭पोंड़ी

क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय की अनुशंसा व प्रयास से ग्राम पोंड़ी में महतारी सदन निर्माण के लिए 30 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। जिससे ग्रामीणों में भारी हर्ष का माहौल बना हुआ है। ग्राम पोंड़ी में महतारी सदन के नाम से एक बड़ा भव्य भवन का निर्माण होगा, जो बहुत उपयोगी होगा। जिस पर भाजपा नेता व सासंद प्रतिनिधि जयराम साहू ने बताया कि सांसद संतोष पांडेय द्वारा पूर्व में पोंड़ी प्रवास के दौरान ग्रामीणों को उक्त भवन निर्माण कराने का आश्वासन दिया गया था। पोंड़ी क्षेत्र का सबसे बड़ा गांव व प्रमुख केंद्र है, इस लिहाज से यहां उक्त भवन का निर्माण होना आवश्यक व महत्वपूर्ण है।

उन्होंने बताया कि केंद्र व छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार लगातार विकास कार्य कर रही है। मोदी की गारंटी व विष्णु के सुशासन में छत्तीसगढ़ राज्य संवर रहा है। पोंड़ी को बड़ी सौगात देने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व सांसद संतोष पांडेय का आभार व्यक्त किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता सरपंच मोती साहू, दिलीप श्रीवास्तव, मनोहर साहू, सुशील यादव, अमन पाली, राजेद्र तिवारी, सोनी गोस्वामी, रवि निषाद, वेद साहू, रामू यादव, संतोष साहू, मुकेश कुम्भकार सहित ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

विजय शर्मा के प्रयास से जिला को मिला 5 नया महतारी सदन

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगा महतारी सदन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा आपसी समरसता स्थापित करने सामायिक कार्यक्रमों में सामूहिक भागीदारी तथा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार महतारी सदन का निर्माण कार्य किया जाना है।

उपमुख्यमंत्री के प्रयास से 166 महतारी सदन की स्वीकृति आदेश जारी किया गया है, इसके लिए 49 करोड़ 80 लाख रुपए की स्वीकृति जारी की गई है। जिले को इसके तहत 5 नए महतारी सदन की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इनका निर्माण किशुनगढ़, चारभाटा, पोंड़ी, रेंगाखारकला और राजानवागांव में कुल 1 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से कराया जाएगा। इससे जिले में निर्माणाधीन 14 महतारी सदनों की संख्या बढ़कर अब कुल 19 हो जाएगी। राज्य शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वीकृत 14 महतारी सदनों का निर्माण कार्य जिले में तेजी से प्रगति पर है। इनका निर्माण कुल 3 करोड़ 45 लाख 80 हजार रुपए की लागत से कराया जा रहा है। प्रत्येक महतारी सदन पर 24 लाख 70 हजार रुपए की स्वीकृत राशि व्यय की जा रही है। जिले के विभिन्न विकासखंडों की पंचायतों में महतारी सदन निर्माण के लिए स्वीकृति दी गई है।

इनमें कवर्धा विकासखंड के ग्राम बम्हनी, रबेली, लखनपुर, खड़ौदा, रबेली, भागुटोला, मैनपुरी, जोराताल, बरबसपुर, बिरकोना और धरमपुरा, सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम रणवीरपुर तथा पंडरिया विकासखंड के ग्राम मोहतरा खुर्द, कुंडा और जेवड़न कला शामिल हैं। श्री शर्मा ने कहा कि न्यू इंडिया के ग्रोथ सायकल में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत अभियान महिलाओं की क्षमता को देश के विकास के साथ जोड़ रहा है। प्रदेश के ग्राम पंचायतों में बनने जा रहा महतारी सदन भी इसी दिशा में एक प्रयास है।

उन्होंने कहा कि लगातार ग्राम भ्रमण के दौरान महिलाओं द्वारा बैठने की स्थान न होने की शिकायत की और बैठने हेतु स्थान दिलाने की मांग की जाती रही। इसलिए महतारी सदन बनाने का विचार आया। तत्पश्चात महिलाओं को रोजगार दिलाने और उनको काम-काज के लिए स्थान उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार गांवों में महतारी सदन बनाने जा रही है। अब तक 368 महतारी सदन की स्वीकृति इसी उद्देश्य को पूर्ति के लिए जारी किया गया है। कार्यो में एकरूपता के दृष्टिकोण से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कार्य का एक मानक डिजाईन एवं प्राक्कलन तैयार किया गया है। प्रति महतारी सदन की लागत राशि रुपए 30 लाख होगी।

5 वर्षो में सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन बनाने की योजना

प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन बनाया जाएगा। महतारी सदन बनाने की शुरुआत हो गयी है। पहले चरण में प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड में महतारी सदन बनना प्रारंभ किया जा रहा है व 5 साल में सभी ग्राम पंचायत में महतारी सदन बनेंगे। प्रदेश में बनने वाले महतारी सदन का निर्माण लगभग 25 सौ वर्गफुट में कराया जाएगा। सदन में कमरा, शौचालय, बरामदा, हाल, किचन और स्टोररूम जैसी सुविधाएं रहेगी। पानी के लिए ट्यूबवेल के साथ वॉटर हार्वेस्टिंग भी किया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा के लिए इसमे बॉउंड्रीवाल भी बनाये जाएंगे। महतारी सदन में सामुदायिक शौचालय का भी निर्माण किया जाएगा।

बाल गणेशोत्सव समिति का चंदा एकत्रित करने अपनाया अनोखा तरीका

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों बाल गणेशोत्सव समितियां द्वारा चंदा एकत्रित करने के लिए अनोखा तरीका अपनाया गया है। जिसमें राह चलते राहगीरों को रोककर सड़क पर ही चंदा कटवा रहे हैं। वहीं बाल गणेश उत्सव समिति द्वारा गणेश चतुर्थ को लेकर भारी उत्साह व उमंग देखा जा रहा है, बताया जाता है कि रोजाना सुबह 10 बजे से शाम तक आने जाने वाले राहगीरों को रुकवा कर रसीद काटकर गणेश प्रतिमा के लिए चंदा इकट्ठा कर रहा है। वहीं क्षेत्र में तैयारियां अभी से जोर शोर से किया जा रहा है।

नपा परिषद अध्यक्ष ने कबीरधाम प्राइवेट स्कूल संघ की बैठक आयोजित की गई

हरिभूमि कवर्धा। कबीरधाम जिला प्राइवेट स्कूल संघ की बैठक नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिसमें सर्वप्रथम श्री चंद्रवंशी ने संघ को बधाई देते हुए कहा कि जिले के प्राइवेट स्कूलों का उत्कृष्ट शिक्षण के साथ-साथ उत्कृष्ट परिणाम हेतु विशेष योगदान हमेशा से ही रहता हैं। साथ ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में इन प्राइवेट स्कूलों का हमेशा सहयोग रहा यदि माध्यमिक शिक्षा मंडल के परीक्षाओं में प्रतिवर्ष उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं की संख्या हमेशा प्राइवेट स्कूलों की अधिक रहा है, जिससे सिद्ध होता है कि जिले में संचालित सभी निजी विद्यालय अपने स्तर पर कार्य अच्छे से कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष अश्वनी श्रीवास बताया कि पूर्व वर्ष प्राइवेट स्कूल संघ द्वारा जिला स्तरीय खेल व सांस्कृतिक महाकुंभ का आयोजन किया गया था, जिसमें हजारों स्कूली बच्चों द्वारा अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया साथ ही अनेक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। जिसे राष्ट्रीय स्तर पर शुभकामनाएं मिला वर्तमान कार्ययोजना में श्रीवास ने बताया कि आगामी समय में स्कूल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा और उत्कृष्ट विद्यार्थियों को जिले के मंच से सम्मानित किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के प्रतिभा को प्रोत्साहित करने का मौका मिलेगा, बैठक के अगले क्रम में कवर्धा शहर के कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें निर्वाच की प्रक्रिया लक्ष्मण चंद्रवंशी जिला सचिव द्वारा प्रारंभ किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से आशीष अग्रवाल को पुनः कवर्धा शहर के प्राईवेट स्कूल संघ का अध्यक्ष चुना गया और डॉ नारायण साहू को कवर्धा शहर सचिव बनाया गया। अध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने सभी सदस्यों को धन्यवाद देते कहा कि कवर्धा शहर में शैक्षिक गुणवत्ता हेतु प्रयास करना हम सभी सदस्यों का प्रथम कार्य होगा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु हम भरसक प्रयास करेंगे। उक्त कार्यक्रम में प्राईवेट स्कूल संघ के सभी स्कूलों के डायरेक्टर उपस्थित थे।

देखरेख के अभाव में कवर्धा-बिलासपुर नेशनल मार्ग जर्जर

हरिभूमि बरबसपुर। जिला मुख्यालय से लगभग 9 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हरिनछपरा चौक के पास कवर्धा-बिलासपुर नेशनल हाइवे मार्ग देखरेख व सुधार तथा मरम्मत कार्य के अभाव में सड़क किनारे गड्ढे होने से वाहन चालक को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया बताया जाता है कि इस मार्ग में सुबह से देर रात तक भारी व अन्य वाहनों को आवाजाही लगा रहता है, वहीं तेज रफ्तार वाहन चालक सवार प्रतिदिन सड़क हादसे के शिकार हो रहे है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व क्षेत्र के जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा गड्ढों की सुधार व मरम्मत कार्य कि मांग की गई ताकि राहगीरों को आने जाने में सुविधा मिल सकें।

बाल श्री कृष्ण का श्रृंगार कर विधि-विधान से पूजा अर्चनाकर मनाया जन्मोत्सव

कुण्डा में साप्ताहिक संकीर्तन व गोविंदा उत्सव धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭कुंडा

ग्राम कुण्डा के हृदय स्थल में स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी श्री प्रभात फेरी कुण्डा एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा श्री हरिमंदिर कुण्डा मे साप्ताहिक हरिकीर्तन का कार्यक्रम आयोजन 13 से 20 अगस्त तक आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामवासियों द्वारा सप्ताह अखण्ड हरिकीर्तन किया गया, जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसी बीच हरि कीर्तन के चतुर्थ दिवस को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर श्रीराधाकृष्ण मंदिर कुण्डा में अर्ध रात्रि में प्रभु श्री बाल कृष्ण का श्रृंगार कर विधि-विधान पूजा अर्चनाकर आतिशबाजी कर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के समापन पर होम-हवन एवं विधिवत पूजा-अर्चना पश्चात भगवान कृष्ण की भव्य रैली श्रीराधाकृष्ण मंदिर से नगर भ्रमण करते हुए निकली गई, जिसमें कान्हा की यात्रा में श्रीराधारानी मंदिर से परम्परागत बाजे-गाजे एवं गोविंदा के टोलियों के साथ ग्राम की प्राचीन मंदिर आदि शक्ति मां महामाया मंदिर से शक्ति माता मंदिर, ठाकुरदेव मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर, हनुमान मंदिर होते हुए रामस्वरूप साहू के निवास में स्थित बारह ज्योतिर्लिंग मंदिर से महावीर चौक मंदिर से होते सतबहिनियां मंदिर, धापपार से हॉप नदी तक यात्रा चली इस बीच गोविंदा की टोली ने दही लूट करते हुए हांडी फोड़ी। सरपंच हरेंद्र चंद्राकर ने कहा कि हर वर्ष अपने सनातन धर्म की परम्परा को जागृत रखने के लिए इस तरह का आयोजन ग्रामवासी द्वारा करते है ताकि आने वाली पीढ़ी को याद रहे इस आयोजनों से युवाओं को जोड़ने का प्रयास रहता है और यह हमेशा चलता रहेगा। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य पुजारी पं बालकृष्ण शर्मा, पं नूतन शर्मा, सरपंच हरेंद्र चंद्राकर, धज्जू चंद्राकर, पंच भूपेंद्र चंद्राकर, वागीश चंद्राकर, लवलेश चंद्राकर, पन्ना साहू, राजू साहू, नंदू साहू, चैतन्य सोनी, भागवत साहू व प्रभात फेरी मण्डली के नाथुराम यादव, गजानंद साहू, रामप्रसाद चंद्राकर, मोहन चंद्राकर, बुधवा साहू, भीखम साहू, भागवत साहू, रामप्रताप चंद्राकर, बारसानो चंद्राकर, दुष्यंत चंद्राकर, राजकुमार चंद्राकर, मोटू चंद्राकर, भूपेश्वर साहू, अनिकेत चंद्राकर, सूरज यादव, मोनू पाण्डेय, श्रीलाल साहू, जकल साहू, रामकुमार चंद्रसेन, ललित चंद्राकर सहित बड़ी संख्या ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

खबर संक्षेप

24 घंटा श्री राम कीर्तन का आयोजन आज

कोलेगांव। विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव, कंझेटा, भगतपुर, में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान प्रभु श्री राम की असीन कृपा से एक दिवसीय 24 घंटे 23 अगस्त से 24 अगस्त तक श्री राम नाम की कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों ने इस धार्मिक कार्यक्रम में अधिक से अधिक जनसंख्या में लोगों से पहुंचकर श्री राम कीर्तन का लाभ उठाने का आव्हान किया है। आयोजकों द्वारा इस धार्मिक आयोजन की तैयारियों कापे अंतिम रूप दिया जा रहा है।

कामठी शिव मंदिर में कब्जे को लेकर फिर दो पक्षों में विवाद, ग्रामीणों ने किया पंडरिया में चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा/पंडरिया

कवर्धा जिले के पंडरिया ब्लॉक के ग्राम कामठी स्थित प्राचीन शिव मंदिर को लेकर विवाद एक बार फिर गहराता जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ लोगों द्वारा मंदिर पर कब्जा किए जाने को लेकर शुक्रवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण सड़कों पर उतर आए। आक्रोशित ग्रामीणों ने कवर्धा–पंडरिया नेशनल हाईवे पर चक्काजाम कर शासन-प्रशासन से तत्काल मंदिर को मुक्त कराने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि गैर-हिंदू संगठनों द्वारा मंदिर में जबरन ताला जड़ दिया गया है व उन्हें सनातन पद्धति से मंदिर में पूजा पाठ करने से बलपूर्वक रोका जा रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक इस मामले की शिकायत कई बार प्रशासन से की जा चुकी है लेकिन अब तक किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई है। यही कारण है कि आज आक्रोशित ग्रामीण बड़ी संख्या में कलेक्टर कार्यालय की ओर जा रहे थे। लेकिन इसी बीच जिला मुख्यालय से 35-40 किलोमीटर दूर पुलिस ने ग्रामीणों को रोक लिया। जिसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने ब्लाक मुख्यालय पंडरिया के बस स्टैण्ड तिराहा पर ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि जब तक मंदिर को मुक्त नहीं कराया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। साथ ही चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं, तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा। घंटों चले इस चक्काजाम से यातायात पूरी तरह ठप रहा। स्कूल के बच्चों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थिति को बिगड़ते देख आखिरकार ग्रामीणों ने जाम खोल दिया, हालांकि इस दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने विवाद की स्थिति बनाने की भी कोशिश की। किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।

पहले भी विवाद आ चुका है सामने, गृह मंत्री द्वारा दी गई थी समझाईश

यहां बताना लाजिमी होगा कि इससे पूर्व भी कामठी के प्राचीन शिव मंदिर में कब्जे को लेकर विवाद सामने आ चुका है। जिसके बाद प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा ने स्वयं कामठी पहुंचकर ग्रामीणों को समझाईश देकर आपसी सामंजस बनाए रखने कहा था। लेकिन इसके बाद भी स्थिति एक बार फिर टकराव की बनती दिखाई दे रही है और यह स्थिति कमरछठ के रोज से उत्पन्न हुई जबअ कुछ लोगों ने मंदिर में ताला लगाकर गांव की महिलाओं को मंदिर में पूजा करने से रोक दिया था। आरोप है कि तब भी मंदिर बंद है।

हड़ताल: वैक्सीनेशन सहित मरीजों का ईलाज हो रहा प्रभावित

पांचवें दिन भी एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रांतीय आव्हान पर संविलियन सहित अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकिन प्रदेश सहित जिलेभर के करीब साढ़े चार सौ से अधिक एनएचएम कर्मचारी पांचवे दिन भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डंटे रहे हैं। शुक्रवार को जिला मुख्यालय कवर्धा में सुबह से हो रही बारिश के बावजूद इन हड़ताली एनएचएम कर्मचारियों की अच्छी खासी उपस्थित धरना प्रदर्शन स्थल राजमहल चौक दुर्गा मंदिर के पीछे देखने को मिली। जहां बड़ी संख्या में उपस्थित एनएचएम कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपने हक की आवाज बुलंद करते नजर आए। एनएचएम कर्मचारियों ने मंच से सरकार को याद दिलाया कि सत्ता में आने से पहले मोदी की गारंटी के तहत 100 दिन में मांग पूरी करने की बात कही थी किंतु सत्ता में आने के बाद सरकार अपने वादे को भूल गई है। उन्होने कहा कि एनएचएम कर्मचारी संघ ने इस दौरान करीब 160 बार से भी अधिक ज्ञापन सौंप कर सरकार से मांगे पूरी करने की गुहार लगाई है लेकिन सरकार ने बीते करीब 18 माह में अपनी गारंटी पूरी नहीं की। शासन के इसी उपेक्षा पूर्ण रवैये को देखते हुए एनएचएम कर्मचारियों ने अब अपनी मांगों को लेकर आरपार की लड़ाई लड़ने का मन बना लिया है और वे बीते पांच दिनो से अपना कामकाज छोड़कर अनिश्चितकालीन हड़ताल में डंटे हुए है। शुक्रवार को जिला मुख्यालय कवर्धा के हड़ताली मंच में मुख्य रूप से प्रदीप सिंह ठाकुर, जेम्स जॉन, विनिष जॉय, शशिकांत शर्मा, गेमेश चौधरी, जयंत कुमार, दुर्गेश गुप्ता, डॉ चंचला, डॉ ममता ठाकुर, छवि साहू सहित बड़ी संख्या में एनएचएम कर्मचारी उपस्थित थे।

एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल से अस्पताल वेंटिलेटर पर

हड़ताल में डंटे एनएचएम कर्मचारियों ने कहा कि लगातार पांचवे दिन के हड़ताल से जिले के सरकारी अस्पतालों की हालत बहुत खराब हो गई है और अब वे स्वयं वेंटिलेटर पर है। जिसे खुद इलाज की जरूरत है। एनएचएम कर्मचारियों ने बताया कि उनके हड़ताल पर जाने के बाद से जिले के कई उप स्वास्थ्य केन्द्रों में पूर्णतः ताला बंदी हो चुकी है। जिससे प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को होने वाली वैक्सीनेशन भी बंद है। वहीं वैक्सीनेशन के साथ प्राथमिक उपचार भी नहीं मिलने से मरीज भटक रहे है।

वन विभाग कवर्धा ने अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध की कार्रवाई, आरोपी भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

वन विभाग की टीम ने एक बार फिर वन परिक्षेत्र पंडरिया में वन भूमि में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया है। इस संबंध में वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार विभाग द्वारा वन भूमि में अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में जांच के दौरान वन परिक्षेत्र पंडरिया (पूर्व) अंतर्गत परिसर कोदवा के कक्ष क्रमांक पीएफ 522 वनक्षेत्र में अवैध अतिक्रमण पाए जाने पर आरोपी हरि सिंह पिता बंशी, जाति-गोड़, निवासी ग्राम भड़गा, तहसील-कुकदूर, जिला-कबीरधाम के विरुद्ध कार्यवाही की गई। आरोपी के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33(1)(क), 33(1)(ख), 33(1)(ग), 33(1)(च), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 9 सहपठित धारा 2(1), धारा 16(क), 16(ग), धारा 50, 51 एवं लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम, 1984 की धारा 3 के तहत अपराध दर्ज कर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 20040/22 दिनांक 14.08.2025 तैयार किया गया। विभाग के मुताबिक सुसंगत धाराओं के तहत विधिवत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं माननीय न्यायालय प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट, पंडरिया, जिला कबीरधाम के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। अतिक्रमण-रोधी कार्यवाही में देवनाथ सिदार, सुश्री अनामिका वर्मा प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल, विलास कुम्भकार उपवनक्षेत्रपाल, अरूण कुमार दुबे, संतोष सिंह साकत, दिलीप कुमार चन्द्राकर, सुभाष चन्द्र भारद्वाज, जोधन सिंह ठाकुर, राम सिंह साहू वनपाल, सुदर्शन साहू, गौरीशंकर साहू, उमेश्वरी श्याम, अजीत कुमार पाल, तारकेश यादव, विष्णु सिंह धुर्वे, जितेन्द्र कुमार चन्द्राकर, जयश्री कौशल, श्रीराम गुप्ता एवं पुनाराम धुर्वे वनरक्षक का सराहनीय सहयोग रहा।

वन विभाग कवर्धा ने अवैध चराई पर कार्रवाई

एक दूसरे मामले में वनमंडलाधिकारी, कवर्धा के आदेशानुसार, उपवनमंडलाधिकारी कवर्धा के निर्देशन एवं परिक्षेत्र अधिकारी कवर्धा के मार्गदर्शन में सहायक परिक्षेत्र अधिकारी बंजारी, परिसर रक्षक जामपानी, परिसर रक्षक करचोरभट्टी एवं बेलापानी ग्रामवासियों की उपस्थिति में जामपानी बीट के कक्ष क्रमांक आरएफ 48 में गश्त की गई। गश्त के दौरान वनभूमि में अवैध रूप से भेड़, बकरी एवं ऊंटों की चराई कराई जा रही थी। मौके पर विधिवत कार्यवाही करते हुए जप्तीनामा तैयार किया गया एवं जप्ती की गई। इस संबंध में पीओआर क्रमांक 20728/14 जारी कर कुल 6,840 रुपए की जुर्माना राशि वसूल की गई तथा मौके से बेदखली की कार्यवाही की गई। वन विभाग द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि वनभूमि में अवैध चराई, अतिक्रमण अथवा किसी भी प्रकार की गैरकानूनी गतिविधि पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

बोड़ला नगर में अभाविप ने निकाली एक हजार फीट लम्बी तिरंगा यात्रा

बोड़ला। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बोड़ला इकाई के नेतृत्व में आजादी की यादों को जन-जन तक पहुंचाने और लोगों में राष्ट्र भक्ति का जजबा पैदा करने की मंशा से नगर में एक हजार एक फिट की तिरंगा रैली निकालकर नगर भ्रमण किया। इस तिरंगा रैली में हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत सहमंत्री पुर्णेन्द्र सिन्हा ने कहां की आज की यह तिरंगा यात्रा भारतीय जन में भारत भक्ति की प्रेरणा देने वाली है। उन्होने कहा कि मैं आज के युवाओं से आह्वान करता हूं कि मां भारती सच्ची सेवा करनी है तो अधिकारों के साथ-साथ हमें अपने कर्तव्यों को भी निभानें की आवश्यकता है। परिषद वक्ता के रूप में अमन नामदेव ने बताया कि अभाविप छत्तीसगढ़ के अंदर बड़े रूप में तिरंगा यात्रा करते हुए आजादी की यादों को संजोए रखने का काम कर रही है। अभाविप के नगर अध्यक्ष रवि वर्मा ने इस ऐतिहासिक तिरंगा रैली का नगर के में भव्य स्वागत के लिए समस्त नागरिकों का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बोड़ला नगर पंचायत अध्यक्ष विजय पाटिल शामिल रहे। नगर मंत्री वेदांत चौहान ने आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को समाप्ति की। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला संयोजक गजाधर वर्मा, रुपेश भट, राजेश यदु , ईश्वर वर्मा, सभापति संदीप गुप्ता जी, दीपक मरकाम, हेमू श्रीवाश, तुलसी यादव, श्याम, अमित, खेमलाल साहू, संजू, भोला, कुंती, नीति, रोशन, मानस, सूरज, मिथलेश, अन्य प्रमुख कार्यकर्ता शामिल थे।

11 सूत्रीय मांगों को लेकर फिर सड़क पर उतरे अधिकारी-कर्मचारी, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

- कर्मचारी–अधिकारी फेडरेशन के चलते प्रभावित रहे जिले के स्कूल व सरकारी दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर एक बार फिर सड़क पर उतरा और कामकाज ठप कर तथा रैली निकालकर मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव सहित समस्त सचिवों के नाम शुक्रवार को कलेक्टर के माध्यम से मांग पत्र सौपा गया। जिसमें ब्लाक के सैकड़ो कर्मचारी शामिल हुए। बताया जाता है कि हड़ताल के चलते ब्लाक के सभी कार्यालय बंद रहे तथा ब्लाक के विद्यालयों के पट नहीं खुले। फेडरेशन ने मुख्य रूप से कर्मचारियों एवं पेंशनरों के लिए मोदी की गारंटी अनुसार केन्द्र के समान 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता देय तिथि से दिए जाने, प्रदेश के कर्मचारियों के लिए मोदी की गारंटी अनुसार जुलाई 2019 से समय-समय पर देय महंगाई भत्ते की लंबित एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में किए जाने, वेतन विसंगति एवं अन्य मुद्दो के लिए गठित पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने, प्रदेश में चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान कमशः 8 वर्ष, 16 वर्ष, 24 वर्ष एवं 30 वर्ष सेवा पूर्ण करने उपरांत लागू करने, सहायक शिक्षक पद पर नियुक्त शिक्षक एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी को तृतीय समयमान वेतनमान स्वीकृति आदेश जारी करने, प्रदेश में अन्य भाजपा शासित राज्यों की भांति कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने, प्रदेश में अनुकंपा नियुक्ति निःशर्त लागू करने स्थायी आदेश जारी करने, वर्तमान में 10 प्रतिशत सीलिंग समाप्त करते हुए सीधी भर्ती के समस्त पदों पर अनुकंपा नियुक्ति देने, मध्यप्रदेश की भांति छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय सेवकों को 300 दिवस अर्जित अवकाश नगदीकरण देने, प्रदेश के शासकीय सेवकों को पुरानी पेंशन के लाम हेतु एन.पी.एस. खाते में कटौती तिथि से सेवा गणना करने। साथ ही पूर्ण पेंशन की पात्रता हेतु नीति निर्धारित करने तथा प्रदेश के विभिन्न विभागों में सेटअप पुनरीक्षित नहीं होने के कारण अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कमी को देखते हुए सभी विभागों में समानता लाते हुए सेवानिवृत्त आयु 65 वर्ष करने को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

सार्वजनिक स्थानों और होटल-ढाबों में शराब पिलाने वालों पर कार्रवाई

कवर्धा। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर थाना लोहारा क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया। सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वालों तथा होटल, लॉज व ढाबों में शराब पिलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की गई। अभियान का पर्यवेक्षण अनुभागीय अधिकारी (पुलिस) प्रतीक चतुर्वेदी द्वारा किया गया तथा कार्वाई थाना प्रभारी लालमन साव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा की गई। टीम ने थाना क्षेत्र के विभिन्न होटल-ढाबों की सघन चेकिंग की और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्वाई की। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वालों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत 5 प्रकरण दर्ज किए गए तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर मोटर व्हीकल एक्ट के 20 प्रकरण बनाए गए। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जिले में कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वालों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्रवाई जारी रहेगी। होटल, लॉज एवं ढाबा संचालकों द्वारा अवैध रूप से शराब पिलाने पर कठोर दंडात्मक कदम उठाए जाएंगे तथा सड़कों पर शराब सेवन करने वालों के खिलाफ सख्ती से आबकारी अधिनियम लागू किया जाएगा। यह अभियान थाना क्षेत्र में निरंतर जारी रहेगा और कानून तोड़ने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। इसी तरह थाना पिपरिया क्षेत्र में गत 21 अगस्त की रात में विशेष अभियान चलाया गया। देर रात तक चले इस अभियान में पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वालों और होटल, लॉज व ढाबों में शराब पिलाने वालों पर कड़ा शिकंजा कसा गया।

उपकेन्द्र की क्षमता बढ़ जाने से 11 ग्रामों के 2840 उपभोक्ताओं को मिलेगी गुणवत्तापूर्ण बिजली

रामपुर सबस्टेशन में नये 3.15 एमव्हीए का पॉवर ट्रांसफार्मर को किया ऊर्जीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले के ग्राम रामपुर में विद्यमान 33/11 केव्ही उपकेन्द्र में 3.15 एमव्हीए के अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर को ऊर्जीकृत किया। इस अवसर पर कवर्धा संभाग के कार्यपालन अभियंता जीएस फ्लोरा, ईई एसटीएम एमके आर्या, सहायक अभियंता मनीष साहू, सुनील गुप्ता, यशवंत कुमार ध्रुव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। उल्लेखनीय है कि कबीरधाम जिले के ग्रामीण अंचलों में समुचित वोल्टेज पर निर्बाध व गुणावत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अन्तर्गत विद्यमान उपकेन्द्रों में स्थापित पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का कार्य छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा सर्वाच्च प्राथमिकता से किया जा रहा है। विद्युत विकास के इस कार्य से रामपुर उपकेन्द्र की पॉवर क्षमता 8.15 एमव्हीए से बढ़कर 11.30 एव्हीए हो गया है। विद्युत कंपनी के उच्चाधिकारियों के अथक प्रयासों से विद्युत विकास के लिए स्वीकृत इस कार्य से रामपुर उपकेन्द्र के परिधि में आने वाले अनेक गांवों के किसानों तथा उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। कवर्धा संभाग के कार्यपालन अभियंता जीएस फ्लोरा ने बताया कि मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के तहत रामपुर उपकेन्द्र में 49.14 लाख रूपये की लागत से स्थापित नये 3.15 एमव्हीए का अतिक्ति पॉवर ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकरण से 11 ग्राम रामपुर, गेंदपुर, दानीघाटोली, उलट, बगदाई, अमलीडीह, रुसे, बंधी, बैंजी, भटकुंडेरा एवं खैरा के 2840 उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता की विद्युत सेवा का लाभ मिलेगा। बरसात के मौसम में वर्षा नहीं होने की वजह से किसानों द्वारा धान की फसल में सिंचाई के लिए एक साथ अपने-अपने कृषि पंपों को चालु करने से लोड शेडिंग एवं लो वोल्टेज की समस्या होती थी, उक्त कार्य से लो वोल्टेज एवं लोडशेडिंग जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी।

जनपद पंचायत पंडरिया एवं बोड़ला के महिला समूह को 2 करोड़ से अधिक का लोन स्वीकृत

- वित्तीय सहायता से ग्रामीण महिलाएं होगी आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले के जनपद पंचायत बोड़ला एवं पंडरिया में इंटरप्राइज फाइनेंस एवं बैंक लिंकेज कैंप का आयोजन गत दिवस किया गया। जिसमे पंडरिया ब्लॉक में आयोजित कैंप के दौरान इंटरप्राइज फाइनेंस अंतर्गत मुद्रा लोन योजना से कुल 46 हितग्राहियों को 49 लाख रुपए का ऋण स्वीकृत किया गया।

साथ ही बैंक लिंकेज के तहत 34 स्व-सहायता समूहों को कुल 1 करोड 27 लाख रुपए की राशि स्वीकृत किया गया। वित्तीय सहायता मिलने से न केवल व्यक्तिगत उद्यमियों को प्रोत्साहन मिला है बल्कि समूह स्तर पर भी वित्तीय सुदृढ़ीकरण सुनिश्चित हुआ है जो आगे चल कर ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा।

इसी तरह से बोड़ला विकासखंड में आयोजित कैंप के दौरान इंटरप्राइज फाइनेंस अंतर्गत 40 हितग्राहियों को कुल 40 लाख 80 हजार रुपए का स्वीकृत किया गया। इसके साथ ही बैंक लिंकेज के तहत 36 स्व-सहायता समूहों को विभिन्न गतिविधियों के लिए 1 करोड़ 28 लाख रुपए की राशि स्वीकृत किया गया है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया की समूहों के लिए राशि स्वीकृत करना वित्तीय स्वावलंबन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। महिलाओं द्वारा समूह से जुड़कर उद्यमी के रूप में अपनी नई पहचान बना रही है। विभिन्न प्रकार के व्यवसाय से महिलाओं को जोड़ा गया है और ऋण प्रदाय करने से ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक सहायता हो रही है।

अब ग्रामीण महिलाएं स्वावलंबन की और अग्रसर है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना से महिलाओं को लाभ होने लगा है तथा इससे वह अपने परिवार एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रही है।